

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 20 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-142 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### खाई में गिरा सेना का ट्रक, 9 जवानों की मौत

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख के लेह में हुई भारतीय सेना के जवानों की मौत पर दुख जताया है.उन्होंने कहा, ÷लेह के पास हुई दुर्घटना से दुख हुआ, जिसमें हमने भारतीय सेना के कर्मियों को खो दिया. देश के प्रति उनकी समृद्ध सेवा हमेशा याद रखी जाएगी. शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं. जो लोग घायल हैं वे जल्द से जल्द ठीक हों.÷ भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को लद्दाख के लेह जलि में सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया. एजेंसी के मुताबिक घटना में 9 सैनिकों की मौत हुई है और एक सैनिक गंभीर रूप से घायल है. अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार शाम दक्षिणी लद्दाख के न्योमा के केरी में हुई.

### छग में गजराज की दहशत

**जीपीएम,20 अगस्त।** जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. हर रोज हाथी कहीं न कहीं कहर ढा रहे हैं. जिससे लोगों में खौफ नजर आ रहा है. जानकारी के अनुसार, मरवाही के जंगलों में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से विचरण हथियों का दल विचरण कर रहा है. बता दें कि, जंगल के अंदर लगातार कई घरों में हाथी तोड़फोड़ कर रहे हैं. जंगलों के अंदर के रहवासी डर के साए में जीने पर मजबूर हैं. घरों के साथ बड़ी मात्रा में फसलों को हर रोज नुकसान पहुंचा रहे हैं. वन विभाग इन हाथियों पर नजर बनाए रखा हुआ है.

# महासमुंद को मिली 223 विकास कार्यों की सौगात

**महासमुंद, 20 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर महासमुंद के प्रवास के दौरान जिले को 655 करोड़ की लागत के 223 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 71.08 करोड़ रूपए की लागत के 132 कार्यों का लोकार्पण और 583 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत के 91 कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस कार्यक्रम में 322 करोड़ 85 लाख रूपए की लागत से बनने वाले महासमुंद मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 2.38 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम घोंच तथा 1.72 करोड़ रूपए की लागत से भुल्का (पथियापाल) में स्थापित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र, जिला अस्पताल महासमुंद में 25 लाख रूपए की लागत से निर्मित फिजियोथैरेपी बिल्डिंग, सीएचसी पिथौरा में 30 लाख रूपए की लागत से बनाए गए ब्लड बैंक तथा 12 लाख रूपए की लागत से स्थापित हमर लैब का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत 13 करोड़ 64 लाख रूपए की लागत से 18 गांवों के पूर्ण हो चुके पेयजल योजना के कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 27 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से पूर्ण हुए सड़क निर्माण की 65 कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के तहत 11 करोड़ 57 लाख रूपए की लागत से पूर्ण हो चुके 4 उच्च स्तरीय पुल निर्माण के कार्य का भी लोकार्पण किया। इनमें से साई-सराईपाली पहुंच मार्ग में करमेल नाला



पर 3.06 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल, 2.90 करोड़ रूपए की लागत से बनपचरी-बरेकेल-धनगांव मार्ग में नैनी नाला पर निर्मित पुल, 3.24 करोड़ रूपए की लागत से गहनाखार-छिन्दपाली-लिमगां मार्ग में पुल निर्माण और 2.37 करोड़ रूपए की लागत से भुथियाडीह-कल्लूदूड़ा मार्ग के मुरमुरी नाला पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल शामिल है। इसी तरह मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के 4.09 करोड़ रूपए की लागत के 3 कार्यों, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 2.05 करोड़ रूपए की लागत के 6 कार्यों, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 1.71 करोड़ रूपए की लागत के 17 कार्यों, वन विभाग के 3.73 रूपए की लगात के 16 कार्य, विद्युत विभाग 4.09 करोड़ रूपए की लागत के 2 कार्य और आयुष विभाग के 2.55 करोड़ रूपए की लागत के 1 कार्य का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में नर्रा, बंजारी, सुरंगी नाला बंसुला में निर्मित हाई टेक बेरियर सहित नरवा विकास के कार्यों का भी लोकार्पण हुआ। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में प्रारंभ होने वाले 118.42 करोड़ रूपए लागत के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों में नगर पालिका सरायपाली में 40.08 करोड़ रूपए, नगर पंचायत बसना में 30.80 करोड़ रूपए, नगर पंचायत पिथौरा में 27.62 करोड़ रूपए की लागत के कार्य शामिल है। इनके अलावा ग्राम खैरा में 6.40 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले नवीन बस स्टेंड, 3.43 करोड़ रूपए की लागत से महासमुंद में फुटबाल ग्राउंड, महासमुंद में 6 करोड़ रूपए की लागत से सेंट्रल लाईब्रेरी भवन, ग्राम गांजर में 2.37 करोड़ रूपए, ग्राम शेर में 2.43 करोड़ रूपए, ग्राम पचरी में 2.29 करोड़ रूपए, ग्राम कंचनपुर में 2.59 करोड़ रूपए और ग्राम कुदारीबाहरा में 2.20 करोड़ रूपए की लागत से नये 3.15 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर 33/11 केव्ही उपकेन्द्र की स्थापना, 17.30 करोड़ रूपए की लागत से देवगांव जलाशय के नहरों एवं जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य तथा पक्के कार्यों के सुधार का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 13.52 करोड़ रूपए की लागत के 20 कार्य, महासमुंद ईमलीभाटा में 1.17 करोड़ रूपए की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी भूमिपूजन मुख्यमंत्री के हाथों किया गया।

## लोकतांत्रिक पार्टी है कांग्रेस, जनता और कार्यकर्ताओं की देख रहे हैं पसंदः बैज

**रायपुर,20 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख दीपक बैज ने कहा कि प्रक्रिया अभी जारी है. कांग्रेस लोकतांत्रिक पार्टी है, जनता और कार्यकर्ताओं की पसंद को देख रहे हैं. ब्लॉक स्तर से सभी आवेदन पीसीसी को आएंगे. पीसीसी से स्क्रीनिंग कमेटी और फिर सीईसी को जाएगा. 31 अगस्त तक प्रक्रिया पूरी कर लेंगे. प्रदेश कांग्रेस कमेटी दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में कहा कि बीजेपी की सूची जारी होने के बाद उनका संकट कम नहीं हो रहा है. 21 प्रत्याशियों को बालि का बकरा बना दिया. वे चुनाव जीत नहीं पाएंगे, उनका प्रयास सफल नहीं होगा. कांग्रेस पार्टी की सभी सीटों पर जीत होगी. आम आदमी पार्टी की गारंटी पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली और पंजाब में उनकी सरकार घिरी हुई है. खुद की भी गारंटी नहीं है और छत्तीसगढ़ में आकर क्या गारंटी देंगे. क्षेत्र और परिस्थितियां भी अलग है. दिल्ली में अलग परिस्थितियां है, और छत्तीसगढ़ की परिस्थितियां अलग है. छत्तीसगढ़ की जनता स्वीकार नहीं करेगी. जनता ने कांग्रेस को स्वीकार कर लिया है. राष्ट्रीय दल चुनाव में यहां रहेंगे. लोकल या क्षेत्रीय दल सफल नहीं होंगे. कांग्रेस में नई नियुक्तियों को लेकर पीसीसी चीफ ने कहा कि बैठक में राष्ट्रीय महासचिव से चर्चा की गई है. बहुत जल्द इसका अनुमोदन मिलेगा. वहीं राहुल गांधी छत्तीसगढ़ दौरे की पुष्टि करते हुए कहा कि युवा मितान सम्मेलन का कार्यक्रम होगा और युवाओं को संबोधित करेंगे. प्रदेश की जनता को भी संबोधित करेंगे. वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का भी 8 सितंबर को दौरा होगा. वे भी छत्तीसगढ़ की जनता को संबोधित करेंगे.



## सस्ते में मकान बनाने का झांसा देकर ठगी,दो बंदी

**रायपुर,20 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी रायपुर में 2 युवतियों द्वारा सस्ते कीमत पर लोगों को उनके सपने का घर बनाकर ठगी करने का मामला सामने आया है जिन दो युवतियों के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया गया है वे दोनों मूलतः बिहार के रहने वाली है और रायपुर में पिछले पांच साल से रह रही हैं। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने ठगी का अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक न्यू शांतिनगर निवासी पीड़ित मोहम्मद फारुख खान तथा अन्य लोगों की शिकायत पर दो बहनों के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया गया है।

पीड़ितों के मुताबिक दोनों बहनें पीड़ितों के साथ जमीन बेचने वाले दलालों और बिल्डरों से नंबर लेकर सीधे कॉल करके या फेसबुक के जरिए संपर्क करती थी और दोनों बहने लुभावने झांसे देकर सस्ते कीमत पर मकान बनाने का झांसा देते थे और इमोशनल तरीके से ब्लैकमेल करके मकान बनाने का ठेका हासिल करते हुए उन लोगों से रकम हासिल करते थे। पुलिस की शुरुआती पड़ताल में दोनों बहनों ने शहर में करीब 50 से 60 लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार दोनों बहने कमल विहार में किराए के मकान में रहती है और प्रियदर्शनी नगर में चौधरी ठेकेदार डेवलपर्स एंड निर्माण होम्स के नाम से आलीशान ऑफिस खोलकर लोगों के साथ ठगी को अंजाम देती थी।साथ ही जो ठगी से रकम मिलती थी उसको ऑनलाइन सट्टा खेलकर और शहर के क्लबों में उड़ा देती थी।

पीड़ितों के मुताबिक दोनों बहनों ने मकान बनाकर देने तथा मकान निर्माण के अपडेट देने के लिए एक वाट्सएप ग्रुप भी बनाया था। नींव खोदने तक की वाट्सएप ग्रुप में जानकारी मिलती रही, बाद में जानकारी नहीं मिलने के बाद वह मौके पर जाकर अपने मकान निर्माण की जानकारी लेने पहुंचे तो उसे दोनों बहनों की फर्जीवाड़ा की जानकारी मिली। पीड़ित बुजुर्ग फारुख के मुताबिक कॉलम खड़ा करने दोनों बहनों ने उन्हें सात फीट नींव खोदने का झांसा दिया था मौके पर जाकर पड़ताल किया तो, कॉलम सात की बजाय पांच फीट खोदी गई थी। इसके साथ ही कॉलम में दो से तीन माह पूर्व पानी से भीग चुके सीमेंट का पीवीसी डाल रहे थे साथ ही कॉलम में तय मानक के सरिया का उपयोग नहीं किया जा रहा था।

पीड़ित फारुख के मुताबिक उसने काम की गति तथा अमानक काम को देखते हुए दोनों बहनों से अपने पैसे वापस लौटाने के लिए कहा तो उन लोगों ने उसे एक फर्जी हस्ताक्षर वाला चेक थमा दिया जो बैंक में डिसआर्डर हो गया। इसके बाद फारुख ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो उन लोगों ने एक और चेक दिए। इसके बाद दोनों बहनों ने उस चेक का पेमेंट स्टाप करवा दिया। दोनों दोनों बहनों के खिलाफ उसके ऑफिस में काम करने वाले स्टाफ अलीशा साहू ने भी ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।




एक नजर

### अंगदान महोत्सव पखवाड़े के समापन पर संगोष्ठी का आयोजन



भिलाई, 20 अगस्त। अंगदान महोत्सव पखवाड़ा के समापन पर भिलाई इस्पात संयंत्र और सेक्टर-9 चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके के स्वागत भाषण में अंगदान जागरूकता संगोष्ठी में आए देश के सभी डॉक्टरों का स्वागत किया। वक्ता डॉ संतोष नसीने ने किडनी ट्रांसप्लांट पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। डीके हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ दक्षेश शाह ने स्किन बैंकिंग और स्किन ट्रांसप्लांटेशन के बारे में विस्तार से समझाया। रायपुर से आए प्रसिद्ध लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ अजीत मिश्रा ने लीवर प्रत्यारोपण की बारीकियों के बारे में चर्चा की, जबलपुर मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जरी के विभाग अध्यक्ष डॉ पवन अग्रवाल ने स्किन बैंकिंग के लिए कानून कायदे की व्यापक जानकारी दी। भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज से आए प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरुण भटनागर ने स्किन बैंक के निर्माण तथा उपकरणों के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। केईएम अस्पताल मुंबई की प्लास्टिक सर्जरी विभाग अध्यक्ष डॉ विनीता पुरी ने हैंड ट्रांसप्लांट पर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ एम एल जैन, डॉ ममता सिकरोरिया, डॉ सुनील कालड़ा, डॉ दीपक कोठारी, डॉ सुमित नेमा, डॉ राजीव कुकरेजा, डॉ शरद, डॉ गुरपाल, डॉ कमलेश, डॉ सुभाष साहू, डॉ यतिंद्र तथा वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ सुबोध सिक्रोरिया सहित अन्य वरिष्ठ डाक्टर्स उपस्थित थे। संगोष्ठी में सेक्टर-9 चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल और डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति रही। संचालन डॉ जोयिता सरकार द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन और आभार प्रदर्शन एडिशनल सीएमओ (हेड बर्न विभाग) डॉ उदय कुमार तथा डिप्टी सीएमओ (हेड स्किन बैंक) डॉ अनिरुद्ध मेने द्वारा किया गया।

### सेक्टर-2 क्षेत्र में मंगलवार को पेयजल आपूर्ति समय में बदलाव

भिलाई, 20 अगस्त। इस्पात नगरी के सेक्टर-2 क्षेत्र में डेंगू के प्रसार की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा, जन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से डेंगू के रोकथाम हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यों को निष्पादित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि डेंगू रोकथाम व नियंत्रण के लिए सप्ताह में एक दिन (मंगलवार) को जल आपूर्ति का समय को परिवर्तित किया जाएगा। अतः उपरोक्त सुझाव को ध्यान में रखते हुए लगातार तीन मंगलवार को नियमित पेयजल की आपूर्ति सुबह के समय सेक्टर-2 क्षेत्र में नहीं किया जाएगा ताकि आप इस समय में बचे हुए पानी को खपत कर लें। अपने घरों के पानी की टंकियों साफ कर लें ताकि लार्वा पनपने ना पाए इससे डेंगू रोकथाम में मदद मिलेगी।अस्थायी रूप से नियमित पेयजल की आपूर्ति का परिवर्तित समय 11.00 से 12.00 बजे के बीच केवल सप्ताह में एक दिन मंगलवार (दिनांक 22.08.2023, 29.08.2023 एवं 05.09.2023) को रहेगा।

धरने में सरोज, बृजमोहन, शिवरतन सहित कई दिग्गज हुए शामिल

# प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने भरी हुंकार, टाउनशिपवासियों को 2019 से मिले हाफ बिजली बिल का लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




भिलाई, 20 अगस्त । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने सेक्टर-1 के सेंट्रल एवेन्यू के समीप स्थित मैदान में अपने समर्थकों के साथ टाउनशिप के रहवासियों के लिए 1 मार्च 2019 से हाफ बिजली बिल की मांग को लेकर धरना दिये। इस धरना आंदोलन में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय, पूर्व केबिनेट मंत्री एवं रायपुर विधायक बृजमोहन अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा, संदीप अग्रवाल, भाजयुमो नेता मनीष पाण्डेय, विनोद सिंह, वीणा चन्द्राकर, राहुल भोसले, गोल्डी सोनी, पियुष मिश्रा, पूर्व पार्षद जे श्रीनिवास राव, पूर्व पार्षद रिंकू साहू, श्रीमती रश्मि सिंह, ईश्वरी नेताम, संजय दानी, दिनेश यादव, भोला साहू, उपासना साहू, रोहन सिंह, कंवर पाल, श्याम सुंदर राव, अंजय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल हुए । इस दौरान प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस की राज्य सरकार 42 लाख परिवारों को पूरे प्रदेश में हाफ बिजली बिल का लाभ जो दे रही है, उसके लाभ से भिलाई टाउनशि के रहवासी व विद्युत उपभोक्ता वंचित है, वह अपना 80 करोड़ रूपये का हिसाब राज्य सरकार से मांग रहे हैं। सीएम भूपेश बघेल व यहां के विधायक देवेन्द्र यादव, जनता को झूठ बोल रहे हैं, इसी लूट और छूट के लिए हम ये धरना दे रहे है, इस लूट के खिलाफ ये हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। चूंकि सीएसपीडीसीएल की बिजली महंगी है और बीएसपी की बिजली सस्ती है, यदि बीएसपी सीएसपीडीसीएल को बिजली ट्रांसफर कर देता है तो टाउनशिप की जनता के ऊपर 40 प्रतिशत का अतिरिक्त बोझ पड जायेगा। हम सीएम बघेल से मांग करते हैं कि 1 मार्च 2019 से टाउनशिप के रहवासियों को हाफ बिजली बिल का लाभ दिया जाये जो कि हमारा अधिकार है, जो 80 करोड़ लूटा है उसे लौटा दे। पाण्डेय ने आगे कहा कि इसका लाभ टाउनशिप के बीएसपी कर्मियों के साथ साथ बीएसपी के सीईओ, एमएलए देवेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल के अलावा पूरे क्षेत्र के रहवासियों को मिलेगा। इसके साथ ही तीन साल तक लोगों को बिजली बिल नही पटाना पड़ेगा, राज्य सरकार यदि वर्ष 2019 से हाफ बिजली बिल का लाभ सीधा बीएसपी के खाते में डालेगी तो वह टाउनशिप के उपभोक्ताओं का बिजली बिल में अर्जेस्ट हो जायेगा और तीन साल तक इनको बिजली बिल नहीं पटाना पडगा। इससे प्रत्येक उपभोक्ताओं को 30 हजार रुपये का सीधा लाभ मिलेगा। पाण्डेय ने आगे कहा कि कांग्रेस ने इस पांच सालों में क्या किया? जनता सब जान रही है। इस दौरान पाण्डेय ने एक प्रश्न कि देवेन्द्र यादव ने कहा है कि आपके द्वारा ये दिया जा रहा धरना राजनैतिक स्टंट है पर उत्तर देते हुए कहा कि देवेन्द्र यादव सारे लूट का हिस्सेदार है, हम नहीं हैं, और ना ही हम किसी लूट में शामिल हैं। जिस तरह जनता के हाथ पैर जोड़कर वोट लेकर जीते हैं, उसी तरह सीएम के हाथ पैर जोड़कर टाउनशिप के लोगों को हाफ बिजली बिल का लाभ 1 मार्च 2019 से दिलाये।

### निगम क्षेत्र के बाजार में बांटे जा रहे गमले



भिलाई, 20 अगस्त। शहर के बाजार क्षेत्र की खुबसूरती को बढाने नगर निगम व्यापारी संस्थाओ के साथ खुबसुरत फुल के पौधो का वितरण कर रही है और गमलो के देखभाल की जिम्मेदारी दुकानदारो को सौपी है। नगर पालिक निगम भिलाई, चेम्बर आफ कॉमर्स एवं व्यापारिक समिति के सहयोग से बड़े बाजार क्षेत्र के दुकानो के सामने गमले में खुबसूरत फुलो के पौधा का वितरण आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर कर रहे हैं । दुकानदार गमलो की देखभाल कर उसे पुष्पित पल्लवित करेंगे।15 अगस्त से शुरू किए गये इस अभियान मे सेक्टर 6 ए मार्केट के दुकानदारों को जोन आयुक्त द्वारा पौधा रोपित गमले का वितरण किया गया है । आयुक्त व्यास ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किए थे कि निगम क्षेत्र के आकाशगंगा, सुपेला, गोल मार्केट वैशाली नगर, सर्कुलर जवाहर मार्केट पावर हाउस, न्यू खुर्सीपार मार्केट में दुकान के सामने रखने दुकानदारों को गमले में रंग बिरंगे फूल के पौधे वितरण किया जाए इसके लिए नगर के चेम्बर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य व्यापारिक संगठनों से सहयोग भी लिया जा रहा है। नगर निगम और व्यापारी संकल्पित है कि शहर वासियों को बाजार क्षेत्र खूबसूरत और हरा भरा दिखे।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में गुणवत्ता-2023 का समापन




भिलाई, 20 अगस्त। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के व्यावसायिक उत्कृष्टता (बीई) विभाग द्वारा 9 से 12 अगस्त तक इन-प्लांट क्वालिटी सर्कल (क्यूसी), लीन क्वालिटी सर्कल (एलक्यूसी), लीन सेफ्टी सर्कल (एलएससी) और 5-एस वर्क प्लेस मैनेजमेंट प्रोजेक्ट प्रतियोगिता,गुणवत्ता-2023 का आयोजन एचआरडीसी में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक सुश्री निशा सोनी और सम्मानित अतिथि ए.के. दत्ता मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे। 12 अगस्त को समापन सत्र में कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के साथ कार्यपालक निदेशक पवन कुमार उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए एवं भारी संख्या में भाग लेने वाले प्रतिभागी टीमों की खूब सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आप आगे भी इस प्रतियोगिता में ऐसे ही भाग लें एवं उत्कृष्टता और गुणवत्तापूर्वक प्रदर्शन करें कि निर्णायक भी सोच में पड़ जाये और उनके लिए निर्णय लेना कठिन हो जाये। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, बड़ी संख्या में और इस प्रतियोगिता में टीमों की प्रतिभागिता देख कर अभिभूत हो उठे।

## कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंटकर नए जिला कांग्रेस अध्यक्ष का किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 20 अगस्त। कबीरधाम जिले से भारी संख्या में कार्यकर्ताओ ने गुलदस्ता भेंटकर नए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू का समान किया । कई कार्यकर्ताओ ने माला पहनाकर सम्मान किया । क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल , पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्याम तंबोली , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत , श्रीमती शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती रानू मनोज दुबे , जिला महामंत्री मोहम्मद कलीम , पूर्व जिला महामंत्री तुकेश्वर साहू ने हर्ष व्यक्त किया । हिमलेश निर्मलकर जिला सचिव हिमलेश निर्मलकर , हुकुम सिंह ठाकुर जॉन प्रभारी, महेश वैष्णव, रामू कौशिक, बृजेश कौशिक, रामावतार सेन, बाली कौशिक, दुर्गेश कुंभकार, रतन कौशिक, संतराम, , जनक कौशिक, बीजू कौशिक, रूपेश कौशिक, वेदराम कौशिक, मोहन और कई कार्यकर्ताओ ने नए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू का सम्मान किया ।

### मानवतावादी दिवस पर हुआ ड्राइंग कॉम्पिटिशन

भिलाई, 20 अगस्त। शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा शनिवार को सेक्टर-4 के सरकारी स्कूल में विश्व मानवतावादी दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के बीच ड्राइंग कॉम्पिटिशन करवाया गया। जिसमे कक्षा फर्स्ट से फिफ्थ तक के सभी बच्चो ने भाग लिया। जिसमे हर कक्षा से फर्स्ट, सेकंड एवं थर्ड सभी कक्षा से बच्चों को गिफ्ट समिति के द्वारा दिया गया। बच्चों ने खुशी से ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग लिया एवं कॉम्पिटिशन के बाद गीत, कविता, कहानी सुनाकर अपनी प्रस्तुति दी। समिति के सदस्यों ने सभी बच्चों को पेंसिल और चॉकलेट देकर उनका मनोबल बढ़ाया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जिसमे समिति के अध्यक्ष रोहन कुमार मून, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, सचिव शशिकांत चौहान, संयुक्त सचिव रोमन सिंह, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, समिति के सदस्य सुधांशु, उज्ज्वल, कैलाश, प्रतिभा, मोनिका, मुस्कान आदि समस्त सदस्य उपस्थित थे।



### तिरंगा यात्रा



कवर्धा। पूर्व सांसद प्रत्याशी अजय पाली उर्फ बाबा ने भारत माता चौक से पुराने बस स्टेंड चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली ।

### आरपीएफ ने 20 किलो गांजा के साथ तस्करों को दबोचा



भिलाई, 20 अगस्त। मंडल टास्क टीम आर.पी.एफ. पोस्ट रायपुर द्वारा 02 गांजा तस्कर को 20 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ (गांजा) कीमती 205000/ रुपया के साथ पकड़ा गया। शनिवार को मंडल टास्क टीम प्रभारी उपनिरीक्षक ऐ. जेड. चौधरी, प्र.आ. व्ही. सी. बंजारे, आ.देवेश सिंह, आ.विनय कुमार, आर.पी.एफ.पोस्ट टीम द्वारा आपरेशन नारकोस के तहत मुखबिर सूचना के आधार पर प्लेट फार्म नं 05-06 दुर्ग छोर पर स्थित विकलांग शौचालय के पास रेलवे स्टेशन रायपुर में मुखबिर के बताए हुलिया पहनावा एवम सामान के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को समय 00.05 बजे घेरा बंदी कर पकड़ा गया, दोनों के पास रखे दो पिट्ठू बैग को चेक करने पर उनमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम - सर्जेश सिंह ,पिता- शिव बहादुर सिंह, उम्र -20 साल निवासी - ग्राम - मदरो, पोस्ट- परसिया,थाना - जवा, जिला - रीवा (म.प्र.) एवं प्रशांत दुबे पिता विजय कुमार दुबे उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कढ़ीहाई, पोस्ट कोनी,थाना अतरैला, जिला रीवा (म. प्र.) का रहने वाला बताया । दोनों के पास रखे दोनों पिट्ठू बैग को चेक करने पर 02 - 02 पैकेट कुल 04 पैकेट गांजा होना पाया ,जिसका कुल वजन 20 किलो ,500 ग्राम ,मादक पदार्थ गांजा पाया गया, जिसका कीमती लगभग 205000/ (दो लाख पांच हजार रुपया) ,उक्त दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि बरामद गांजा को रेल मार्ग से डभौरा (रीवा) (म. प्र.) बेचने के लिये जाने वाला था कि पकडा गया। दोनों आरोपी व जप्त शुदा मादक पदार्थ गांजा सहित विधिवत कार्यवाही उपरांत आरोपी को धारा- 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट. रायपुर के समक्ष पेश किया गया ।

# वीर सावरकर भवन शिविर में त्वरित ड्राइविंग लाइसेंस बनने से कवर्धावासियों में हर्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




कवर्धा, 20 अगस्त। प्रदेश के केबिनेट मंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज कवर्धा के वीर सावरकर भवन में आयोजित ड्राइविंग लाइसेंस और श्रम पंजीयन शिविर का अवलोकन कर पूरी व्यवस्था देखी। शिविर में जिले के युवाओं ने लर्निंग लाइसेंस बनाने और श्रमिकों ने छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में श्रमिक पंजीयन के लिए शिविर स्थल पर ही आवेदन किया। शिविर में युवाओं को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। साथ ही श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन की कार्रवाई की गई। इस दौरान मंत्री श्री अकबर ने युवाओं को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया। शिविर में 562 युवाओं को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। .मौसमी ,जयंती , रुचिका ने बताया की आसानी से शिविर में लार्निंग लाइसेंस बन गया है । परिवहन मंत्री अकबर ने कहा कि प्रदेश के निवासियों को परिवहन से सम्बंधित सेवाओं और सुविधाओं को ऑनलाइन जारी कर दिया है। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा तुहर सरकार तुहर द्वार योजना लागू की है। इस योजना के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने पर घर बैठे सेवाए प्राप्त की जा सकती है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 20 लाख से अधिक स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। जिले में अनेक स्थानों पर परिवहन सुविधा केन्द्र भी खोले गए है। उन्होंने बताया कि तुंहर सरकार तुंहर द्वार योजना के तहत जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदकों को अब एसएमएस के साथ-साथ व्हाट्सएप से भी स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा ड्राइविंग लायसेंस पोस्ट से भेजने की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। परिवहन मंत्री श्री अकबर ने शिविर के अवलोकन के दौरान युवाओं और श्रमिकों से चर्चा भी की। श्रम कार्ड और लाइसेंस बनाने आए युवाओं, श्रमिकों ने इस शिविर के लिए मंत्री श्री अकबर के प्रति आभार जताया। युवाओं ने कहा कि लर्निंग लाइसेंस बन जाने से सभी बहुत खुश है। इससे युवाओं के समय और धन दोनो की बचत हुई है। लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाने से लाइसेंस बनाने में आने वाली समस्या से निजात मिली है। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री अकबर के निर्देश पर शिविर के आयोजन से सभी का लाइसेंस बनना संभव हुआ है। लाइसेंस बनने से मोटर सायकल, ट्रेक्टर, कार और अन्य वाहन चलाने का वैधानिक अधिकार मिल जाता है। इससे वाहन से जुड़े स्थानीय रोजगार के अवसर भी मिलते है।जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन लाल साहू ने बताया कि परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा वीर सावरकर भवन में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

### इन्द्रजीत सिंह छोटू ने वैशाली नगर विधानसभा से कांग्रेस की टिकट के लिए दिया आवेदन



भिलाई, 20 अगस्त। छत्तीसगढ़ अंचल के युवा ट्रांस्पोर्टर एवं हैवी ट्रांसपोर्ट के संचालक इन्द्रजीत सिंह छोटू ने वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में आवेदन देकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज कर दी हैं। उन्होंने जिला अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर को टिकट के आवेदन सौंपा है। इस अवसर पर उनके साथ छत्तीसगढ़ बलकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू, अमित सिंह, निर्मल सिंह, अनिल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनी हैवी ट्रांसपोर्ट के संस्थापक स्व. बीरा सिंह के पुत्र इंद्रजीत सिंह छोटू गुरु नानक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल सेक्टर-6 के होनहार छात्र रहे हैं और वे वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के कोहका व सूर्या विहार कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में लगातार कई वर्षों से क्षेत्र के लोगों की सेवा करते आये हैं। समाज सेवा में उनके पिता स्व. वीरा सिंह का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। वीरा सिंह द्वारा अपने जीवनकाल में केम्प 1, कैंप 2, शारदापारा, महात्मा गांधी मार्केट, जवाहर मार्केट सहित कई क्षेत्रों में लगातार गरीबों की सेवा व सामाजिक कार्यों को करने का पूरा का पूरा लाभ इन्द्रजीत सिंह को मिलेगा। चूंकि इन्द्रजीत सिंह पेशे से ट्रांसपोर्ट जगत से जुड़े हुए है और लगातार वह लोगों के बीच में हर सुख और दुख में शामिल होते हैं, उनकी साफ सुथरी छवि से कांग्रेस पार्टी को बडा लाभ मिलेगा। उनके साथ युवा विधायक देवेन्द्र यादव की तरह युवाओं की अच्छी खासी फौज इन्द्रजीत सिंह के पास आज भी मौजूद है, चाहे वह खेल जगत की बात हो या सामाजिक सरोकार की। इन्द्रजीत के परिवार के द्वारा गरीबों के लिए एसबीएस हॉस्पिटल उनके पिता के नाम पर जीई रोड पॉवर हाउस संचालित है जिसका सीधा लाभ गरीबों को मिल रहा है।

# विधायत देवेंद्र यादव ने सेक्टर-9 गोल मार्केट से प्रगति यात्रा की शुरुआत की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 20 अगस्त। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने 19 अगस्त से प्रगति यात्रा की शुरुआत सेक्टर 9 गोल मार्केट से की। एक ही दिन में विधायक देवेंद्र यादव पूरा सेक्टर 9 एरिया में पैदल यात्रा की। हर गली-हर घर तक पहुंचे। लोगों से मिले और उनका हालचाल जाना। इस दौरान वार्डवासियों को करीब 1.3 करोड़ के विकास कार्य की सौगात दी। एक ही दिन में विधायक ने 10 विकास कार्य का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। यात्रा की शुरूआत विधायक यादव ने सेक्टर 9 गोल मार्केट से ही। यहां संतोष के चाय ठेला में विधायक यादव, मेयर नीरज पाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। जिनके साथ उन्होंने ने वार्ड के लोगों के साथ बैठकर चाय पी। फिर उद्यान के पास भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसके बाद काली में के पास चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण किए। फिर एपीए रोड, एसपीए रोड, सड़क 27,28, 29 से होते हुए जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं। उन सभी काम का वार्ड के नागरिकों के साथ निरीक्षण किए। इस दौरान वार्ड के नागरिकों विकास कार्यो की काफी तारीफ की। लोगों ने कहा कि सेक्टर 9 सहित पूरे शहर में लगातार विकास कार्य हो रहे है। टॉउनशिप में गंदे पानी की समस्या को दूर करने के लिए आप ने हाईटेक तकनीक वाला शुद्ध पानी का आरो वाटर एटीएम लगवाया है। सड़कों के किनारे बारिश के दिनों में कीचड़ ना हो। इसके लिए पेवर ब्लॉक लगवा दिए है। वार्ड में बच्चों के लिए खेल मैदान, बुजुर्गों के उद्यान बनवाया है। इसके अलावा पूरा टाउनशिप की गंदगी से बीते कई सालों से परेशान है। उनके पहले भी जो जनप्रतिनिधि थे, उन्हें भी समस्याएं बताई गई थी, लेकिन वे तो चुनाव में वोट मांगने के बाद दोबारा अगले चुनाव में वोट मांगने आते थे। इसलिए कभी कोई विकास नहीं हो पाया। लेकिन आप ने बिना कहे बैक लाइन की सफाई करवाएं है। इससे पूरे टॉउनशिप क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। इन सभी विकास कार्यों के लिए लोगों ने विधायक यादव का आभार जताया, उन्हें धन्यवाद दिया और पूरे यात्रा के दौरान लोगों उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चले।इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण 19 लाख की लागत से हास्पिटल मार्केट पेवर ब्लॉक नाली निर्माण कार्य । 10 लाख की लागत से शहीद चौक नाली निर्माण कार्य। 3.90 लाख की लागत से सड़क 9 उद्यान में संधारण कार्य। 10 लाख की लागत से सड़क 8 बैडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य।2.50 लाख की लागत से सी 3 वालीबाल कोर्ट निर्माण कार्य।30 लाख की लागत से गोल मार्केट के समीप प्रकाश व्यवस्था एवं उद्यान निर्माण कार्य।10 लाख की लागत से एसपीए, एनपीए पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य।4 लाख की लागत से सेक्टर 9 हॉस्पिटल सेक्टर में मंच निर्माण कार्य। 4 लाख की लागत से हॉस्पिटल सेक्टर मार्केट में वाटर एटीएम का निर्माण कार्य।10 लाख की लागत से मेंटेनेंस ऑफिस के समीप डोम शेड निर्माण कार्य।

### सदैव रहे जनता के बीच

विधायक देवेंद्र यादव भिलाई नगर के पहले ऐसे जनप्रतिनिधि हैं, जिसे लोग नेता नहीं अपना बेटा मानते है। विधायक देवेंद्र यादव जब से विधायक बने हैं तब से वे लगातार जनता के बीच ही रहे हैं। जनप्रतिनिधि और जनता के बीच की दूरी को पूरी तरह से खत्म कर दिए है। पहले के नेता एक बार चुनाव जीतने के बाद दोबारा कभी चेहरे दिखाने वार्ड में नहीं जाते थे। लेकिन विधायक देवेंद्र यादव ऐसे विधायक हैं, जिनसे लोग चाहे तो रोज और बड़ी ही आसानी से मिल जाते है। लोगों को विधायक के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती वे खुद लोगों के घरों में जाकर उनसे मिलते है। उनकी समस्या पूछते है और समाधान करते हैं।

## एक नजर

### फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन 23अगस्त तक

**रायपुर 20 अगस्त।** फोटोजर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस पर प्रेस क्लब में फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन 19 अगस्त से 23 अगस्त तक किया जा रहा है आज विधायक पश्चिम एवं संसदीय सचिव विकास उपाद्याय एवम नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष आकाश तिवारी के द्वारा दीप प्रज्ववलित कर शुभारम्भ किया गया इस अवसर पर अनिल पुसदकर वरिष्ठ फ़ोटो जर्नलिस्ट गोकुल सोनी विनय शर्मा दीपक पांडेय सुधीर सागर विमल मिंज किशन लोखंडे त्रिलोचन मानिकपुरी हीरा मानिकपुरी सन्तोष तिवारी जय गोस्वामी जावेद खान रमन हलवाई मनोज देवांगन पंकज मुस्की विजय मिश्रा शगुफ्ता शिरीन उपस्थित थे विकास उपाद्याय ने कहा कि प्रदर्शनी बहुत अच्छी है फ़ोटो जर्नलिस्ट की मेहनत इन चित्रों में दिखाई देती है आज हम लोग जो चुन कर जनप्रतिनिधि बने है उसके पीछे फोटोजर्नलिस्ट का बड़ा योगदान है आकाश तिवारी ने कहा भविष्य में रायपुर नगर निगम एवम फोटोजर्नलिस्ट मिलकर शहर के विकास की तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाएंगे।

### कलेक्टर ने घुमंतू पशुओं को पहनाया रेडियम बेल्ट

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज नगरीय निकाय क्षेत्रों में मवेशियों के सड़कों पर खुले विचरण से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कांजी हाऊस, कन्हारपुरी, गोकुल नगर पशु चिकित्सालय, रेवाडीह गौठान में निर्माणाधीन कांजी हाऊस का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि घुमंतु पशुओं के कारण सड़क दुर्घटना को रोकने के दृष्टिगत मवेशियों को कांजी हाऊस में रखना सुनिश्चित करें तथा पशु मालिकों पर जुर्माना लगाएं। उन्होंने अधिकारियों को मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस में रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए करें। इसी कड़ी में उन्होंने कांजी हाऊस कन्हारपुरी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कांजी हाऊस में मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाने के निर्देश दिए तथा वहां पेंट कराने एवं प्रवेश द्वार का निर्माण कराने के लिए कहा। उन्हें जानकारी दी गई कि अब तक 342 मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाया गया है और फिल्ड से घुमंतु पशुओं को पकड़कर कांजी हाऊस में रखा जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस में रखने का कार्य तथा पशु मालिकों द्वारा मवेशियों को विचरण करने के लिए छोडने पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई निरंतर जारी रखें।कलेक्टर श्री सिंह ने गोकुल नगर में सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया तथा कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों को सभी मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाने तथा ईयर टैगिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी पशु मालिकों को अपने मवेशियों को सड़क पर न छोडने की समझाईश दें। इसी कड़ी में कलेक्टर ने रेवाडीह गौठान के समीप 6 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन कांजी हाऊस का निरीक्षण किया तथा इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देश पर अभियान के तौर पर जिले भर में घुमंतु पशुओं की धरपकड़ की जा रही है तथा उन्हें कांजी हाऊस में रखा जा रहा है। सड़क दुर्घटना को रोकने तथा सुरक्षा उपायों के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस अभियान के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है तथा इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं।

### नवरात्री पर्व पर भैसबोड़ में इस वर्ष भी सजेगा माता का दरबार

**अंवरी 20 अगस्त।** ग्राम भैसबोड़ में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्री का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा । शारदीय नवरात्रि का पर्व 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। ग्राम भैसबोड़ में समस्त ग्रामवासियो एवं छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति के तत्वाधान में इस वर्ष भी भैसबोड़ के खंतीपारा में अनोखे एवं भव्य कृत्रिम गुफा बनाकर माता रानी की 151 मूर्तियों की स्थापना किया जायेगा। इस अनोखे गुफा में अनेको प्रकार की झाँकिया भी सजायी जाएंगी जिसमें प्रमुख रूप से माता काली की विकराल रूप का दर्शन, राधा कृष्ण की गोपियों के साथ होली खेलना, स्वर्ग लोक की झांकियां, शंकर भगवान की जटा से गंगा बहना और इसी तरह अनेकों प्रकार की झांकियां इस गुफा में बनाया जाएगा जो बहुत ही मनोहारी होगा। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष लोकेश साहू (पटवारी) ने बताया कि इस वर्ष भी समस्त ग्राम वासियों के सहयोग द्वारा नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाएंगे एवं उन्होंने अपील किया है कि जो भी श्रद्धालु इस पंडाल को सजाने में या यहां मूर्ति स्थापना करने में सहयोग करना चाहते हैं उनकी सहयोग राशि 3001 रुपए देकर अपना सहयोग कर सकते हैं। साथ ही जो भी श्रद्धालु माता के दरबार में तेल की मनोकामना ज्योति जलाना चाहते हैं वे 751 रूपये राशि देकर मनोकामना ज्योति जला सकते है। यह सहयोग की राशि हमारे समिति में संपर्क कर सकते है।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 21वीं सदी के आधुनिक भारत की रखी आधारशिला:भूपेश

## मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर, 20 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की 20 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री राजीव गांधी को याद करते हुए श्री बघेल ने कहा है कि राजीव जी ने 21 वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव रखी। देश में कम्प्यूटर क्रांति और सूचना क्रांति लाने का श्रेय राजीव जी को जाता है। कम्प्यूटर के जरिए शासकीय काम-काज में पारदर्शिता आई और ई-प्रशासन के माध्यम से आमजन तक शासकीय योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हुई। वास्तव में राजीव जी आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राजीव गांधी ने भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाली। उन्होंने देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को 18 साल में मतदान का अधिकार दिलाया। उन्होंने देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और



नगरीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया। राज्य सरकार द्वारा ''राजीव युवा मितान क्लब'' के जरिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में युवाओं को रचनात्मक सांस्कृतिक गतिविधियों खेल-कूद आदि से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी का दृष्टिकोण था कि 'भारत में गरीबी उन्मूलन तथा आत्मनिर्भर भारत' निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति किसानों की आर्थिक दशा में सुधार के बिना संभव नहीं है। उनके बताए रास्ते पर चलते हुए राज्य सरकार ने गरीबों, किसानों, आदिवासियों सहित सभी वर्गों के लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाएं शुरु की हैं।

# मुस्लिम समाज ने मिर्ज़ा नूर बेग को बनाया जिलाध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 20 अगस्त।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में मुस्लिम समाज ने जिला कार्यकारिणी टीम गठन किया । शुक्रवार को मोहला में आयोजित बैठक में जिले के तीन ब्लाकों में चार मुस्लिम जमात के तमाम लोगो की बैठक में शिरकत किया जिसमें मुस्लिम समाज के तमाम लोग एकत्रित होकर जिलाध्यक्ष तय किया गया,जिसमें मोहला के मिर्ज़ा नूर बेग को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई,जिले से आये तमाम मुस्लिम समाज ने जिलाध्यक्ष को निर्वाचित घोषित किया,जिले के सोमाटोला,बांधा बाजार, कांडे, सांगली, भर्रीटोला, रंगकठेरा, कौड़ीकसा, खडगांव, मोहला,अंबागढ चौकी,मरकेली और मानपुर के तमाम लोग मोहला सामुदायिक भवन में एकत्रित हुए। साथ ही जिला जिला अध्यक्ष, जिला



उपाध्यक्ष, जिला सचिव, जिला कोषाध्यक्ष के साथ सदस्यों को मनोनीत कर पदभार दिया गया जिसमें अध्यक्ष मिर्जा नूर बेग, उपाध्यक्ष फिरोज खान, सचिव अब्दुल रफीक खान, कोषाध्यक्ष समीम तिगाला को बनाया गया ,साथ ही सदस्य लोगो की टीम में सलीम खान, अख्तर खान, असलम खान, असरफ खान, रुस्तम खान, रसीद खान, मुकीम खान, जैनु गौरी,सलीम खान, समदुद्दीन अंसारी, अशिफ खान, हसन कुरैशी रहे। जिले की गठित समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तय किया गया । मनोनीत पदाधिकारियों का कार्य समाज को संगठित करना समस्याओं का समाधान करना साथ ही समस्याओं को लेकर शासन व प्रशासन तक बात को रखना है ।जिले से आये सभी मुस्लिम लोगों ने पदाधिकारियों को मुबारकबाद दी और निरन्तर कार्य करने समाज मे एकता और भाईचारे का संदेश दिया ।

# सरकारी मूल्य में कटौती कर लोक निर्माण कर रहा है ठेकेदार के बिल में 5 प्रतिशत की कटौती:बीएआई

**रायपुर 20 अगस्त।** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का एक दिवसीय कार्यशाला शनिवार को हुआ, इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन रेड्डी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोक निर्माण विभाग सरकारी मूल्य में कटौती कर ठेकेदार के बिल में 5 प्रतिशत की कटौती कर रहा है जो तथ्य संगत नहीं है और इस कारण ठेकेदार काफी परेशान है। बहुत जल्द बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का प्रतिनिधिमंडल राज्य शासन के अधिकारियों से मुलाकात कर विसंगतियों को दूर अंतर की राशि का भुगतान करने की मांग करेगा। इस अवसर पर बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के स्टेट चेयरमैन कंवलजीत सिंह ओबेरॉय, सेंटर चेयरमैन रायपुर रूपेश सिंघल, हरसिमरन सिंह ओबेरॉय, के. चन्द्रशेखर राव, सुशील अग्रवाल के अलावा अन्य पदाधिकारी व ठेकेदार उपस्थित थे। एसएन रेड्डी ने बिल्डर ठेकेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि



छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग को छोड़ दिया जाए तो लोक निर्माण विभाग से जुड़े ठेकेदार छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में निविदा प्रस्तुत करते हुए निविदा निकलने के बाद सड़कों का निर्माण कर रहे है। इस निविदा में जीएसटी की गणना अलग से की जाती है जबकि छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग जीएसटी की गणना अलग से नहीं करती है और इसके लिए कोई अलग से प्रावधान भी नहीं रखा है।

### कैट ने त्यौहारी सीजन में चीनी सामान के बहिष्कार का किया आव्हान

**रायपुर 20 अगस्त।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी 30 अगस्त राखी त्यौहार से लेकर दिवाली पर्व जो 24 नवम्बर को तुलसी विवाह के साथ संपन्न होगा के दौरान चीनी सामान के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान आज कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने किया और उम्मीद है की इस बहिष्कार से चीन को त्यौहारों सामान के इंपोर्ट न होने से लगभग 1 लाख करोड़ के व्यापार का नुक़सान होगा। पिछले वर्ष यह नुक़सान लगभग 75 हज़ार करोड़ रुपये का था। कैट को उम्मीद है कि इस त्यौहार अवधि में उपभोक्ताओं द्वारा खर्च के माध्यम से अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की पूँजी का प्रवाह हो सकता है।

### विधानसभा चुनाव:अनिता नेताम ने पेश की अपनी दावेदारी

**नगरी 20 अगस्त।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए अनिता नेताम ने समर्थकों के साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष श्री भूषण साहू जी से सौजन्य मुलाकात कर सिहावा विधानसभा क्षेत्र क्रं 56 से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की, इस दौरान बायोडाटा देकर आवेदन की आवश्यक प्रक्रिया पूरी की, आपको बता दें कि अनीता नेताम दिग्गज आदिवासी नेता पूर्व केबिनेट मंत्री और चार बार के विधायक रहे स्वर्गीय माधव सिंह ध्रुव की पुत्री है, सूत्रों से मिल रहे खबर की मानें तो इस बार अनीता नेताम को टिकट मिलना तय माना जा रहा है।



### चाकूबाजों को भेजा गया जेल

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया दानी बाई गोसाई पति स्व0 बाबूलाल गोसाई निवासी कालकापारा वार्ड नं0 10 डोगरगढ थाना डोगरगढ जिला राजनादगांव के द्वारा दिनांक 17.08.2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसके नाती शंकर गोसाई को आरोपीगण 01.समीर बांधे एवं दिनेश्वर बांधे साकिनान बधियाटोला थाना डोगरगढ जिला राजनादगांव के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर धारदार चाकू से मारकर चोट पहुचाया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 505/2023 धारा-294,324, 506,34,341 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया । श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में आरोपीगण की पता तलाश किया जा रहा था। दिनांक 18/08/2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि आरोपीगण अपने अपने घर में छुपा तत्काल पुलिस टीम रवाना कर घेराबंदी कर आरोपीगणो को पकडा गया थाना लाकर पूछताछ करने पर पुरानी विवाद को लेकर चाकू से मारना स्वीकार किये है विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है । उक्त कार्यवाही में - निरीक्षक रामअवतार ध्रुव, सउनि धन्ना लाल सिन्हा, आर0 1486 मिलाप बरेठ आर0 227 संजय यारदा, आर0 560 प्रयांश सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रहा है।



# पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी को नगर निगम में दी गई श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं नगर पालिका के पूर्व पार्षद श्री लीलाराम भोजवानी जी के आकस्मिक निधन पर नगर निगम टाउन हाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहॉ महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सहित पूर्व महापौर श्री नरेश डाकलिया व श्री सुदेश देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री रमेश डाकलिया, छ.ग. वनविकास प्राधिकरण के सदस्य श्री पंकज बाधव, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन, निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित पार्षदगण, नामांकित पार्षदगण एवं अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनि श्रद्धांजलि देते हुये दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गयी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री कुतबुद्दीन सोलंकी ने श्रद्धांजलि अर्पित



करते हुये कहा कि हम लोग भोजवानी जी के साथ काम किये है, 1977 में नगर पालिका के समय हम साथ में पार्षद थे, भोजवानी जी अलग दल के होने के बाद भी उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता था। उन्होंने कहा कि दलगत राजनिती से हटकर शहर विकास में सब मिलकर काम करते थे, उनका सबसे बहुत आत्मीय संबंध था। उनका जाना हम सबके लिये अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नही हो सकती। मैं हम सबके तरफ से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। श्रद्धांजलि सभा में महापौर श्रीमती देशमुख ने भोजवानी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये अपनी संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री मधुकर वंजारी, संतोष पिल्ले, सतीश मसीह, भागचंद साहू, विनय झा, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षदगण सर्वश्री कमलेश बंधे, शिव वर्मा, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, शरद सिन्हा, शरद पटेल, गगन आईच, अरूण देवांगन व केवल साहू, नामांकित पार्षदगण सर्वश्री ऐजाजुल रहमान, मामराज अग्रवाल, झम्मन देवांगन, पूर्व पार्षद श्री जितेन्द्र शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री इशाक खान, राजेश यादव, जीवन चतुर्वेदी के अलावा उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता श्री दीपक अग्रवाल, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### एनएएफआईएस योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया



**राजनुादगांव 20 अगस्त।** पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं वरिष्ठ पुलिस पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू श्रीमती पद्मश्री तंवर के मार्गदर्शन में गिरफ्तार संदेहियों एवं निगरानी बदमाशों के दोनों हाथों की आदर्श अंगुलि चिन्ह पर्णी तैयार करने के संबंध में एवं घटना स्थल में अंगुलि चिन्हों को सुरक्षित करने के तरीके एवं अज्ञात मृतक के चर्म पोर को सुरक्षित करने हेतु नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आईडेंटिफिकेशन सिस्टम योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के समस्त थाना एवं चौकी के अधिकारी व कर्मचारियों को आज दिनांक 18.08.2023 को रक्षित केंद्र राजनांदगांव में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से आये फिंगर प्रिन्ट एक्ससपर्ट अधिकारी श्री राकेश नरवरे द्वारा प्रशिक्षण में इसके बारे में विस्तार से व तकनीकि पहलुओं के बारे में बताया गया। इस कार्यशाला में एनएएफआईएस कार्यालय राजनांदगांव से सहायक उप निरीक्षक रमेश रजक, आरक्षक कवलजीत सिंहः राजपूत व आकाश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी अन्य अधि./कर्म. एवं थाना/चौकी से आये कुल 22 अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

# मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर,घरों में घुसा घुटनों तक पानी

■ ग्राम कोलियारी के वार्ड क्रमांक15 - 16 हुआ जलमग्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 20 अगस्त।** अंवरी अंचल के गांव अंवरी, भेड़सर , जोरातराई, सुपेला, सेमरा, सिलीडीह, सिर्वे, पूरेना, कोलियारी, कुम्हारी, बंजारी, बगौद भखारा,भठेली पूरेना आदि गांव में हुई मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। लोगों के घरों में घुटनों तक पानी भर गया है। कई क्षेत्र जलमग्न होने से जनजीवन प्रभावित है। घरों में पानी भरे होने की वजह से लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं। घरों में इतना पानी भर गया है कि लोगों की गृहस्थी का सामान पानी में तैरता हुआ नजर आ रहा है।



**नाले में बाढ़ :** मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ, जो जो रुक रुक जारी ही है । ऐसे में अंचल के नाले उफान पर आ गए। घरों में पानी घुसने की वजह से लोगों का खाने पीने का सामान बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे लोगों को नुकसान हुआ है। वहीं, बारिश से जोरातराई स्थित नाला में बाढ़ की स्थिति देखने को मिली, जिससे खेत जलमग्न हो गये । बारिश के चलते किसानो का नुकसान हुआ है। खेतो में निंदाई चलाई का काम जारी है, अधिक बारिश के चलते खेतो में चालाई किया हुआ धान उखड़ कर बह गया है।

### कांग्रेस भवन में शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने किया ध्वजारोहण

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के 76वीं वर्षगांठ पर स्थानीय जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन में सुबह 8.30 बजे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चद्रवंशी ने किया। सर्वप्रथम कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल द्वारा शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, अल्प संख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान, महापौर हेमा देशमुख, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पदमा सिंह कोठारी, पंकज बांधव, नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, शहर जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष माया शर्मा, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत को तिरंगा गमछा एवं गांधी टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व्दारा ध्वजारोहण किया गया।



# खैरागढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने युवा नेता विजय वर्मा ने किया आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 20 अगस्त।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि व खैरागढ़ विधानसभा के युवा कांग्रेसी नेता विजय वर्मा ने छुईखदान ब्लाक काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पटेल के पास विधिवत ढंग से खैरागढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया बता दें कि विजय वर्मा पिछले दो बार विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी कर रहे हैं तथा पिछले साल हुए खैरागढ़ विधानसभा के उपचुनाव में भी दावेदारी किया था जिसमे कांग्रेस पार्टी से विजय वर्मा को प्रबल दावेदार माना जा रहा था और लोगो मे भी इनके नाम की चर्चा हो रहा था विजय वर्मा का दौरा हर गांव में



लगातार रहा है और राज्य सरकार की योजना को जन जन तक आज भी पहुंचा रहे है तथा विजय वर्मा की लोकप्रियता के चलते जनता सीधे उनके निवास में जाकर अपनी समस्या रखते हैं बता दें कि विजय वर्मा युवाओ से लेकर सभी वर्गों में अपनी जबरदस्त पकड़ बनाये हुए हैं वही अगर देखा जाए तो उनकी धर्मपत्नी निर्मला वर्मा के जिला पंचायत क्षेत्र में आज भी बहुत ही बढ़िया छवि बनाये हुए हैं साथ ही विजय वर्मा खुद किसान है तथा किसानों की पीड़ा को समझने वाले व्यक्ति है एवं किसानों की समस्या हो या अन्य किसी मसले पर सीधे अधिकारियों को जाकर समस्या का निराकरण करने के लिए कार्य करते हैं वही कांग्रेस के बड़े नेता भी विजय वर्मा कार्यो की प्रशंसा करते रहे हैं गौरतलब है कि पिछले 10 सालों से खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए हर गाव में जाकर बूथ स्तर में मीटिंग लेकर पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं हर सुख दुख में पहुँच जाते हैं विजय वर्मा- खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आमजनता के बुलावे पर विजय वर्मा हर सुख दुख में सम्मिलित होते हैं साथ ही विधानसभा समीकरण के हिसाब से देखा जाए तो लोधी समाज से आने वाले विजय वर्मा सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी पकड़ बनाये हुए हैं जिसका फायदा उनको विधानसभा चुनाव में मिल सकता है कांग्रेस पार्टी यदि विजय वर्मा को अपना उम्मीदवार बना देता है तो खैरागढ़ विधानसभा की सीट में कांग्रेस पार्टी को फायदा मिलने के आसार हैं क्योंकि विजय वर्मा का वनांचल क्षेत्र में जबरदस्त पकड़ है वही मैदानी इलाकों में भी उनकी लोकप्रियता के चलते व उनके कार्यो से सभी वर्ग उनके चहेते बने हुए हैं आवेदन पत्र जमा करने के बाद उनकी दावेदारी की चर्चा खूब हो रही है कि इस बार कांग्रेस विजय वर्मा को अपना प्रत्यासी बना सकता है आवेदन जमा करने के दौरान पार्षद प्रकाश महोबिया ,मनोज चौबे,जनपद सदस्य मंगला धुर्वे,जनपद सदस्य मोती राम, शैलेन्द्र वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष खैरागढ़, ललित जंघेल,नारायण, बीजे लाल,शैलेन्द्र तिवारी,सोहन पाल, गोवर्धन मेरावी, देवकुमार,हमीदा बेगम,संजू,केदार मेश्राम, बसेरुदीन एवं काँग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पटियाला में आयोजित अ.भा. रेडियो श्रोता सम्मेलन में अशोक बजाज, श्याम वर्मा एवं परस राम साहू आमन्त्रित

**रायपुर 20 अगस्त।** रेडियो श्रोता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन का आयोजन इस बार पटियाला पंजाब में 20 अगस्त को आयोजित किया गया है. सन्निहित रेडियो लिसनर्स क्लब पटियाला द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में देश भर के रेडियो श्रोता जुटेंगे. सम्मेलन में है छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज को बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया. इसके अलावा आकाशवाणी रायपुर के सेवानिवृत उदघोषक श्याम वर्मा एवं संघ के अध्यक्ष परसराम साहू को भी सम्मानीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के रेडियो श्रोताओं ने ही सन 2009 से 20 अगस्त को रेडियो श्रोता दिवस मनाने की परंपरा की शुरूवात की थी, अब देश के अन्य प्रांतों में भी यह सिलसिला चल पड़ा है।



# उठेगा राज से परदा!



एण्डटीवी के 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शकों के सामने कुछ दिलचस्प खुलासे होंगे। इस सप्ताह के एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये शमशेरा ने कहा, ''यशोदा (नेहा जोशी) मालती (अनीता प्रधान) के हाथों दही चीनी खाने के लिये गुप्ता निवास पहुंचती है, क्योंकि उसने अपनी बेगुनाही साबित करने के लिये रणधीर (दर्शन दवे) के खिलाफ जंग छेड़ दी है। अरविंद (मयंक मिश्रा) यह सब देख लेता है और मालती को दही चीनी देने से रोकने के लिये दखल देता है। वह यशोदा को वहां से चले जाने के लिये कहता है। तभी दादाजी (सुनील दत्त) वहां पहुंच जाते हैं। वह अरविंद को एक किनारे ले जाते हैं और मालती को यशोदा को दही चीनी खिलाने की इजाजत दे देते हैं। इसके बाद यशोदा शमशेरा (स्वतंत्र भारत) को साथ लेकर गेस्ट लिस्ट हासिल करने के लिये रणधीर के ऑफिस पहुंचती है। इस दौरान रणधीर उन्हें देख लेता है और गेस्ट लिस्ट को फाड़ देता है। रणधीर छिपकर यशोदा और मनोज (आरजे मोहित) की बातें सुन लेता है और गायत्री को इस बारे में बताता है, जो कोर्ट पहुंचती है और यशोदा एवं मनोज की तरफ बढ़ती है। हालांकि, रास्ते में अचानक से एक महिला गायत्री से टकराती है, जोकि दरअसल मालती है और इस खुलासे से रणधीर और गायत्री दोनों ही चौंक जाते हैं।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की इस हफ्ते की कहानी के बारे में बताते हुये राजेश ने कहा, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को गीली जमीन पर फिसलते हुये देख लेता है, जिससे उसकी गहरे भय की यादें ताजा हो जाती हैं। उसी समय रणबीर (सौम्य आजाद) एक लड़की को प्रपोज करता है, लेकिन वह उसके प्रेम प्रस्ताव को ठुकरा देती है, क्योंकि वह किसी और से प्यार करती है, जोकि पेरिस में है। रणबीर की मदद करने के लिये ऋतिक (आर्यन प्रजापति) और चमची (जारा वारसी) उसे एक बाबा के पास ले जाते हैं, जो लोगों को लात मारने के अपने अनूठे तरीके के लिये मशहूर है, ऐसा माना जाता है कि बाबा के लात मारने से लोग विदेश चले जाते हैं। वे बाबा से लात मारने का अनुरोध करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से वह उनके आग्रह को ठुकरा देता है। वे बाबा से लात खाने के कई तरीके अपनाते हैं, लेकिन हर बार उनकी चाल नाकाम हो जाती है। कैट (गजल सूद) और मलाइका (सोनल पवार) राजेश (गीतांजलि मिश्रा) और बिमलेश (सपना सिकरवार) को एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट के बारे में बताती है, जहां उन्हें अपने प्रोडक्ट इस्तेमाल करने होंगे और अपने पार्टनर्स के साथ एक रेन डांस वीडियो बनाना होगा। इस कॉन्टेस्ट के विजेता को पूरे परिवार के साथ पेरिस जाने का मौका मिलेगा। हालांकि, पानी से अपनी डर की वजह से हप्पू वीडियो बनाने से साफ इनकार कर देता है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की इस सप्ताह की कहानी के बारे में बताते हुये अंगूरी ने कहा, ''तिवारी (रोहिताश्व गौड़) और विभूति (आसिफ शेख) एक पार्टी से वापस आते हैं और उन्होंने थोड़ी शराब पी रखी है। वे अंगूरी (शुभांगी अत्रे) और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को बताते हैं कि प्रेम (विश्वजीत सोनी) ने स्टॉक मार्केट में 25 लाख रूपये का मुनाफा कमाया है और उसी खुशी में उसने एक पार्टी दी थी। अगले दिन, विभूति स्टॉक्स में निवेश करने की रूचि जाहिर करता है और अनीता उसे पैसे देने के लिये मान जाती है। इस बीच तिवारी भी अंगूरी के शेयर बाजार के जानकार पिता भूरे (राकेश बेदी) के बारे में जानने के बाद निवेश करना चाहता है।

# एक्टर स्वतंत्र भारत बने एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में शमशेरा!



फिल्मों और टेलीविजन शोज में कई दमदार परफॉर्मेंसेस के साथ, एक्टर स्वतंत्र भारत ने खुद को मनोरंजन उद्योग में एक जाने-माने चेहरे के तौर पर स्थापित किया है। वे अब एण्डटीवी के फैमिली ड्रामा 'दूसरी माँ' के कलाकारों में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं जिसमें वह जोशीले शमशेरा का किरदार निभाएंगे, जोकि कृष्णा (आयुध भानुशाली) और यशोदा (नेहा जोशी) की जिन्दगी में नये-नये मोड़ लेकर आएगा। इस तरह शो को ड्रामा की नई खुराक मिलेगी और दर्शकों के मन में उत्सुकता बढ़ेगी। शो में शमशेरा की भूमिका में अपनी एंट्री के बारे में स्वतंत्र भारत ने बताया, ''मेरा किरदार शमशेरा एक ताकतवर स्थानीय गुंडा और कबड्डी टीम का ट्रेनर है, जिसका कृष्णा से एक जुड़ाव बन जाता है, क्योंकि वे दोनों ही अनाथ हैं। अपनी माँ के निधन और पिता द्वारा छोड़ दिये जाने के बाद शमशेरा अपनी कम्युनिटी पर राज करने का गलत रास्ता चुन लेता है। कृष्णा की कहानी सुनने के बाद उसे उससे गहरा लगाव हो जाता है और यह लगाव और भी मजबूत हो जाता है, जब उसे कृष्णा की दूसरी माँ (नेहा जोशी) और बहनों के लिये उसके अटूट समर्पण का पता चलता है। शमशेरा कबड्डी की प्रैक्टिस के अपने मैदान में कृष्णा को काम देता है, और इस तरह बिना बात के आर्थिक मदद लेने से इनकार करने वाले कृष्णा को अपने परिवार के लिये पैसा कमाने का मौका मिलता है। शमशेरा मजबूती से य शोदा और कृष्णा की आजीविका में सहयोग देगा और हर परिस्थिति में उनका साथ देगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''शमशेरा का किरदार अनोखा है, उसके पास गुण और अवगुण दोनों ही हैं। बाहर से कठोर होने के बावजूद वह भीतर से कोमल है। यह भूमिका निभाते हुए मैं रोमांचित हूँ, जिसमें बड़ी पेचीदगी है। टीम ने बहुत सहयोग दिया है, खासकर हमारे शो के डायरेक्टर इम्तियाज़ पंजाबी जी ने। मैं शमशेरा ऊर्फ उस्ताद जी के किरदार पर दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिये बहुत उत्सुक हूँ। इस शो के दृश्यों की शूटिंग करते हुए मैं कबड्डी की कलाबाजियाँ भी सीख रहा हूँ और इसमें मुझे बड़ा मजा आ रहा है।'' कुछ लोकप्रिय फिल्मों का हिस्सा रह चुके इस कलाकार ने अपने सफर के बारे में बताते हुए कहा, ''मैंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है और टीवी पर कई अलग-अलग भूमिकाएं निभाई हैं। मैंने एक फैशन डिजाइनर के रूप में अपना सफर शुरू किया था, लेकिन एक्टर बनना मेरी किस्मत में था। एक्टिंग के अलावा मैं ब्लॉगिंग करता हूँ, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर घूमने जाता हूँ और शोध के माध्यम से दिलचस्प जानकारियां साझा करता हूँ।''

# 'दूसरी माँ' के एक्टर आरजे मोहित के पास है 90 साल पुराना एक रेडियो!

रेडियो संचार का एक ऐसा पारंपरिक रूप है, जिसका हमारे आधुनिक और तेज गति वाले डिजिटल युग में भी काफी महत्व है। इसका अनूठा आकर्षण अलग-अलग उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों को जोड़ता है। रेडियो का असर लंबे समय तक अगर किसी पर वाकई में पड़ा है, तो वह हैं मोहित शर्मा, जोकि एक प्रतिभाशाली रेडियो होस्ट और एक्टर हैं और जिन्हें एण्डटीवी के शो 'दूसरी माँ' में अपने अभिनय के लिये शोहरत मिली है। इस माध्यम के साथ आरजे मोहित का गहरा लगाव किसी सीमा से नहीं बंधा है, क्योंकि उनके पास एक शानदार रत्न, यानि 90 साल पुराना एक रेडियो है। उनके लिये इस पुराने रेडियो का महत्व सिर्फ टेक्नोलॉजी वाली एक पुरानी चीज होने से कहीं



बढ़कर है; यह उन्हें आधुनिकता की आपा-धापी के बीच आराम और तरोताजा होने का मौका देता है। रेडियो पर सदाबहार धुनों और जादुई आवाजों में खोकर उन्हें शांति और सुकून मिलता है। रेडियो के लिये अपने प्यार के बारे में बताते हुये मोहित ने कहा, ''रेडियो का मेरी जिन्दगी में बड़ा महत्व है और यह मेरी परवरिश के सालों में मेरा वफादार साथी रहा है। रेडियो के लिये मेरा लगाव टीनेज में सामने आया, जब मैं बॉलीवुड के एक गाने से रोमांचित हुआ था, जिसमें प्यार और देशभक्ति थी। दोपहर के फिल्मी गानों के अनुरोधों और देर रात के प्रसारणों ने कई बार मेरी माँ को जगाया और वह इस बात से परेशान थीं कि मैं पढ़ाई से ज्यादा रेडियो पर ध्यान दे रहा हूँ (हंसते हैं)। रेडियो के लिये मेरी लगन ने ही आखिरकार मुझे आरजे के तौर पर कॅरियर बनाने के लिये प्रेरित किया। गुजरते वक्त के साथ जिन्दगी की मांगों को प्राथमिकता मिली और मैं पूरी तरह से अपने काम में लग गया। हालांकि लॉकडाउन ने मुझे अपने बचपन की यादों को जीने का मौका दिया और मैंने 90 साल पुराना एक शानदार विंटेज रेडियो लिया। यह मेरे सबसे समझदारी से भरे फैसलों में से एक था। यह मेरे एक दोस्त को कहीं दिखा था और जब मैंने इसे देखा, तब मुझे तुरंत लगाव हो गया और मैंने बिना किसी संकोच के इसे खरीद लिया। रेडियो को चालू करने पर लगा कि मानो समय की एक असली यात्रा शुरू हुई है, यह यात्रा उस समय की है, जब रेडियो रखने के लिये लाइसेंस लेना पड़ता था। आज की स्थिति बिलकुल विपरीत है, आप कहीं से भी, वर्चुअल तरीके से अपनी कार या स्मार्टफोन पर रेडियो सुन सकते हैं। उस बीते जमाने की भव्यता और शिल्पकारी मेरे भीतर गहराई तक उतर गई और मैंने इसे अपने घर के एक महत्वपूर्ण कोने में सावधानी से रख दिया। रेडियो सुनना अब खाली वक्त में मनोरंजन करना और दिलोदिमाग को सुकून पहुंचाने जैसा लगता है। मेरी भावनात्मक स्थिति, खुशी या गम से इतर मुझे इसकी मधुर धुनों में सुख मिलता है और मैं अपने सबसे पसंदीदा गाने सुनता हूँ। अच्छी बात यह है कि इतना पुराना होने के बावजूद इस रेडियो के स्पीकर दमदार हैं, जोकि इसके रख-रखाव में मेरे द्वारा बरती जाने वाली सावधानी दिखाते हैं। मेरी प्लेलिस्ट में पुराने गानों का एक संग्रह है। मेरा मानना है कि पुराने समय के इस रत्न पर अपनी पसंदीदा मेलोडीज सुनते हुए अनगिनत लोग भावनाओं के संपूर्ण विस्तार से गुजरे होंगे। यह रेडियो बैटरी से चलता है और इसे हाथ से भी घुमाया जा सकता है, जिसमें बिजली की जरूरत नहीं होती है, इसलिये मेरी नजरों में इसका महत्व बढ़ जाता है। इस रेडियो से मुझे इतना लगाव है कि मैं किसी और को इसे छूने भी नहीं देता हूँ। कुछ लोगों को रेडियो संचार का एक गायब हो रहा माध्यम लग सकता है, लेकिन मेरे लिये यह एक प्यारी-सी चीज है, जो मनोरंजन और इंफोटेनमेंट, दोनों का खजाना है। इसके सदाबहार आकर्षण और थेरैपी उपचार देने की ताकत ने इसे मेरे लिये वह बना दिया है।

# अयान बिजलानी के भेजे गए उपहारों ने अबूझमाड़ ग्रुप को हैरान कर दिया



आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ क्योंकि इंडियाज़ गॉट टैलेंट ने इस वीकेंड में अपने 'टॉप 14' प्रतियोगियों को दुनिया के सामने पेश किया। यह शो विविध भारतीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रहा है, जिसने जूरी - किरण खेर, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और बादशाह का दिल जीत लिया है। और अब, शो को अपने शीर्ष 14 प्रतियोगी मिल गए हैं जो हैरान करने वाले एक्ट करेंगे, जिससे साबित होगा कि वे 'टैलेंट का वर्ल्ड प्रीमियर' में शामिल होने के लायक हैं। ज़बरदस्त परफॉर्मेंस से लेकर अत्याधुनिक एक्ट्स तक, इंडियाज़ गॉट टैलेंट का भव्य प्रीमियर एपिसोड 'ब्लॉकबस्टर' होने का वादा करता है! लेकिन छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ मलखंब ग्रुप ने ऑडिशन राउंड में मंच पर तहलका मचा दिया और अपने लुभावने परफॉर्मेंस से सभी को हैरान कर दिया। और इस वीकेंड, इस सदियों पुरानी कला को जीवित रखने के उद्देश्य से, यह ग्रुप शानदार गीत 'जियो रे बाहुबली' पर प्रदर्शन करते हुए अपने एक्ट को एक कंटेम्पररी ट्विस्ट देगा। आधुनिक कोरियोग्राफ़ से संयोजित पारंपरिक मलखंब तकनीक निश्चित रूप से मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव होगी, जिससे दर्शक हैरान रह जाएंगे। इस एक्ट से प्रभावित होकर, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा, ÷एक होता है छापामार युद्ध, और एक होता



है छापामार डांस; ये बिलकुल वैसा ही था। सटीक नियंत्रण के साथ आपकी परफॉर्मेंस अद्भुत थी। जिस तरह से आपने कहानी बताई, उससे मुझे बहुत खुशी हुई। ऐसा लगा मानो आप अपनी ही कहानी बता रहे हों। बादशाह ने भी कहा, ÷हमने पहले भी मलखंभ देखा है, लेकिन यह इस कला को प्रदर्शित करने का नया तरीका है, और हर बार, आप मंच पर कुछ पेश करते हैं, तो उससे हम हैरान रह जाते हैं। दिमाग की अपनी सीमा होती है और हर बार जब सोचते हैं कि इससे बेहतर क्या ही होगा, तो आप अपने एक्ट से हमें हैरान कर देते हैं। आपने जो एक्ट परफॉर्म किया है, वह एक तरह से खतरनाक और सुंदर दोनों है, जो महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ता है। सब कुछ बेहद तालमेल में है। यह एक्ट पूरी तरह से इच्छाशक्ति पर आधारित है। आपका परफॉर्मेंस मजबूत है, और मुझे अक्सर हैरानी होती है कि अगर आपको अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को मिलने वाली सुविधाओं की तरह सही सुविधाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर मिलता तो आपने न जाने क्या कुछ हासिल कर लिया होता। आपके लिए मेरा दिल हाज़िर है। मुझे नहीं पता कि इंडियाज़ गॉट टैलेंट कौन जीतेगा, लेकिन मुझे पता है कि आप अपने प्यार से लाखों दिलों को छू लेंगे, जो किसी भी जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है। यह एक शानदार प्रदर्शन था। मेज़बान अर्जुन बिजलानी, जो हमेशा प्रतियोगियों का समर्थन करते हैं, उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं, सुरेश (ग्रुप के सबसे कम उम्र के सदस्य) को उनके बेटे अयान बिजलानी द्वारा भेजे गए उपहारों से हैरान करते हुए नज़र आएंगे। इसके अलावा, इंडियाज़ गॉट टैलेंट की टीम भी सुरेश के जन्मदिन का जश्न मनाने में शामिल होगी, जिससे यह दिन उनके लिए वाकई यादगार बन जाएगा।

## क्या राजेश चॉल ढहने के पीछे की सच्चाई का पता लगा सकेगा और मनोज को बेगुनाह साबित कर पाएगा?

'वागले की दुनिया - नयी पीढ़ी नये किस्से' सोनी सब का विचारोत्तेजक पारिवारिक ड्रामा है जो दर्शकों को किसी आम आदमी के रोज़मर्रा के जीवन और



उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में गहन जानकारी देता है। पिछले कुछ एपिसोड में, दर्शकों ने एक घबराहट भरी स्थिति देखी, जहां दादर चॉल दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है और राजेश (सुमीत राघवन) के पिता श्रीनिवास (अंजन श्रीवास्तव) का कहीं पता नहीं चलता है। हर कोई इससे परेशान है और एक-दूसरे की मदद करने की कोशिश कर रहा है। लोग चॉल ढहने के पीछे का कारण भी ढूंढने लगते हैं और उंगलियां मनोज की तरफ उठने लगती हैं। सारा दोष मनोज के सिर मढ़ दिया जाता है क्योंकि वह ही चॉल के नवीनीकरण के लिए ठेकेदारों के संपर्क में था। राजेश पहले से ही बहुत चिंतित है क्योंकि उसके पिता का कोई सुराग नहीं मिल रहा है और लोगों के द्वारा पूरे मामले का आरोप मनोज पर लगाए जाने के कारण वह अंदर से टूट जाता है। लेकिन मनोज सबके सामने यह साबित करने की कोशिश कर रहा है कि यह उसकी गलती नहीं है, लेकिन कोई उसकी बात पर यकीन नहीं करता।

## ईज़मायट्रिप की वित्त वर्ष 24 की मजबूत शुरुआत

भारत के अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवेल टेक्नोलॉजी प्लैटफॉर्म, EaseMyTrip.com ने पहली तिमाही के शानदार नतीजों की घोषणा के साथ वित्त वर्ष 24 की मजबूत शुरुआत की है। कंपनी ने स्?थायी वृद्धि की अपनी उल्लेखनीय यात्रा को जारी रखा है, जैसा कि इसने वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में शानदार 42.6% की वार्षिक वृद्धि के साथ 2,371 करोड़ रुपये का अभी तक का उच्चतम तिमाही जीबीआर दर्ज किया। यह तिमाही एक महत्वपूर्ण अवसर भी है, क्योंकि कंपनी ने इसी तिमाही में अपनी 15वीं वर्षगाँठ मनाई। पिछले 15 वर्षों में यह धीरे-धीरे लेकिन लगातार बढ़ते हुए ओटीए उद्योग में अग्रणी कंपनी बन गई है। पूरी तिमाही के दौरान कंपनी ने अपना ध्यान लगातार ग्राहक केन्द्रीयता और रणनैतिक ब्रैंड निर्माण पद्धतियों पर केन्द्रित रखा है। इसने अनेक पहल आरम्भ की जिनसे इसके ग्राहकों को यात्रा के सबसे बढ़िया सौदे प्राप्त हुए। कंपनी की 15वीं वर्षगाँठ के लिए इसके मेगा सेल और अभिनव ब्रैंड बाज़ार से इसे अपने प्लैटफॉर्म पर बड़ी संख्?या में ग्राहकों को आकर्षित करने की शक्ति मिली। अपनी विस्तार की रणनीति के अनुरूप, कंपनी ने पहली बार ऑनलाइन फ्रैंचाइज़ी मॉडल अपनाया और सूरत, जयपुर, पटियाला, तथा लुधियाना में नए फ्रैंचाइज़ी स्टोर्स खोलकर अपनी घरेलू मौजूदगी बढ़ाई।

## 'हप्पू की उलटन पलटन' की नई राजेश ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा करेंगी नवाबों के शहर लखनऊ की सैर!


एण्डटीवी के घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में गीतांजलि मिश्रा की नई राजेश सिंह (रज्जो) के रूप में एंट्री के साथ दर्शकों का रोमांच बढ़ गया है। गीतांजलि अपने प्रशंसकों से मिलने के लिये 18 और 19 अगस्त को नवाबों के शहर लखनऊ आयेंगी।



लखनऊ की अपनी यात्रा के दौरान उनकी योजना स्थानीय व्यंजनों का आनंद उठाने, ऐतिहासिक इमारतें घूमने, मशहूर बाजार में खरीदारी करने और अपने प्यारे प्रशंसकों से मुलाकात करने की है। गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ राजेश लखनऊ के सफर की अपनी योजनाओं पर चर्चा करते हुये कहा, ''फिर से उत्तर प्रदेश की राजधानी जाने को लेकर मैं बहुत रोमांचित हूं। इस शहर की मेरे दिल में एक खास जगह है। मेरे कई करीबी रिश्तेदार यहां पर रहते हैं। मैं कई बार वहां जा चुकी हूं और इसके सौम्य शिष्टाचार, आकर्षक ऐतिहासिक स्थल, हरियाली से भरपूर बाग-बगीचे और स्वादिष्ट व्यंजन हर बार मेरा दिल जीत लेते हैं। मेरी आगामी यात्रा काफी रोमांचक होगी, क्योंकि मैं एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' की नई राजेश के रूप में अपने प्रशंसकों से मिलूंगी। लोगों को यह किरदार पसंद आ रहा है और मैं इससे बेहद खुश हूं। लखनऊ अपनी गर्मजोशी और दिल खोलकर स्वागत करने वाली प्रकृति के लिये जाना जाता है, इसलिये नर्वस महसूस करने के बजाय, मैं यहां के लोगों से जुड़ने के लिये बेताब हूं। मैं लखनऊ की सैर का आनंद उठाने और यहां के प्रसिद्ध बाजारों में खरीदारी करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। मेरे पास अपने दोस्तों और रिश्तेदारों की लंबी सूची है, जिन्होंने मुझसे मशहूर चिकनकारी कुर्तियां और साड़ी लाने का अनुरोध किया है (हंसती हैं)। मैं अपने झुमकों के खास कलेक्शन को बेहतर बनाने के लिये भी बेकरार हूं। आखिरकार राजेश और गीतांजलि दोनों ही इन खूबसूरत गहनों की दीवानी हैं।''

# शिवलोक में ले जाने वाला शो है शिव-शक्ति : सिद्धांत

छोटे पर्दे के बड़े कलाकार सिद्धांत इस्सर का अपना अलग सिद्धांत है। जो जिम्मेदारी दी गई है उस काम को दिल से पूरा किया जाए। सिद्धांत इस्सर कलर्स के टीवी शो शिवशक्ति-तप, त्याग, तांडव में ताड़कासुर नामक दानव की भूमिका अदा कर रहे हैं। दस वर्षों तक थिएटर में अपने अभिनय की कला का हुनर दिखाने वाले मुंबई निवासी सिद्धांत तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा कर रहे थे। वे बताते हैं कि भोलेनाथ पर इससे पहले भी कई टीवी शो आए हैं किंतु शिव शक्ति इनमें से अलग है। यह शिव-शक्ति की प्रेम कहानी है। शिवजी की अनंत कथाएं हैं। इन कथाओं से शिव-शक्ति की प्रेम गाथा को शो में फोकस किया गया है। यह कमाल का शो है। दर्शकों को अलग ही अनुभूति होगी। इस विषय को इससे पहले किसी भी शो में छुआ तक नहीं गया है। शो में खलनायक के रूप में राक्षस ताड़कासुर का अभिनय कर रहे सिद्धांत ने कहा कि इस किरदार



को निभाने में मुझे कोई कठिनाई नहीं आई है। वे कहते हैं कि दरअसल मैं किरदार में डूब जाता हूं। इससे पूर्व जय मां वैष्णोदेवी, महाभारत, जय श्रीराम जैसे धार्मिक धारावाहिकों में काम कर चुका हूं। बकौल सिद्धांत मुझे माइथोलाजिकल शो में काम करना अच्छा लगता है। उन्होंने बताया कि शिव जी का रूद्र रूप मुझे काफी पसंद है। इस रूप से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। शाहरुख खान को अपना फेवरेट कलाकार मानने वाले सिद्धांत ने बताया कि बड़े पर्दे पर भी अपने अभिनय का जलवा बिखेरना चाहते हैं। सिद्धांत ने बताया कि उन्होंने बाकायदा एक्टिंग की ट्रेनिंग ली है। वर्कशाप में भाग लिया है। सिद्धांत ने बताया कि उन्होंने रियलटी शो कभी नहीं देखी। वे कहते हैं कि निगेटिव रोल का अपना मजा है। उन्होंने बताया कि शिवशक्ति दर्शकों को बांधे रखने वाला यह शो वास्तव में दर्शकों को शिवलोक में ले जाता है।


## प्रत्येक महिला के पास सभी को बताने के लिए एक कहानी है:अदिति गोवित्रिकर

अभिनेत्री अदिति गोवित्रिकर पारंपरिक सौंदर्य को चुनौती देने और सौंदर्य प्रतियोगिताओं की दुनिया में समावेशन को बढ़ावा देने के मिशन पर हैं। उनकी सौंदर्य प्रतियोगिता मार्वलस मिसेज इंडिया पेजेंट ने उद्योग में बहुत सी बाधाओं को तोड़ दिया है और सभी पृष्ठभूमि की महिलाओं को उनकी विशेषताओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाया है। उनका तमाशा इस बारे में है कि हर महिला को उसके व्यक्तित्व और उनकी आंतरिक सुंदरता के लिए मनाया जाये7 विविधता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, उन्होंने सभी उम्र और क्षेत्रों से श्रीमती के लिए दरवाजे खोलकर बाधाओं को खत्म कर दिया है। मार्वलस मिसेज इंडिया पेजेंट सुंदरता की सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप होने के बारे में नहीं है। यह रूढ़िवादिता को तोड़ने और नारीत्व के सार का जश्न मनाने पर केंद्रित है। अदिति का मानना है कि सच्ची सुंदरता किसी की कमियों और अद्वितीय विशेषताओं को अपनाने में नहीं है, न कि खुद में फिट होने की कोशिश करने में। मेरा पेजेंट प्रामाणिकता और व्यक्तित्व का उत्सव है। यह सभी महिलाओं के लिए, उनकी उम्र, ऊंचाई, रंग या स्थिति की परवाह किए बिना, अपनी आंतरिक सुंदरता और ताकत दिखाने का एक मंच है। इसमें कोई प्रतिबंध नहीं है या यहाँ सीमाएँ; हर महिला सुंदर है, और हर महिला देखने और सुनने की हकदार है। मैं सभी प्रकार की महिलाओं को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती हूं, अपने आकार, निशान और घावों को गर्व के साथ अपनाना चाहती हूं। ऐसा करके, मैं चाहती हूं सकारात्मक शारीरिक छवि को बढ़ावा देना और सभी प्रतियोगियों के बीच आत्म-प्रेम को बढ़ावा देना। अदिति गोवित्रिकर का दृष्टिकोण सौंदर्य प्रतियोगिताओं की पारंपरिक सीमाओं से परे है। चाहे विवाहित हो, तलाकशुदा हो, या विधवा हो, मोटी, पतली, गोरी, सांवली, काली हर महिला के पास बताने के लिए एक कहानी है और वह मार्वलस मिसेज इंडिया के मंच पर चमकने के लिए समान अवसर की हकदार है। इस रुख के माध्यम से, अदिति का लक्ष्य उन महिलाओं को प्रेरित करना और सशक्त बनाना है जिन्हें सामाजिक मानदंडों के कारण दरकिनार कर दिया गया है।



# महाजन समूह का अगला उत्तराधिकारी कौन होगा?

सोनी सब में हाल ही में लॉन्च हुआ पारिवारिक ड्रामा, वंशज समृद्ध महाजन परिवार के भीतर पारिवारिक राजनीति और डायनेमिक्स की कहानी को प्रदर्शित करता है। जबकि नायिका युविका (अंजलि तत्रारी द्वारा अभिनीत) ऑडियो-विजुअल प्रजेंटेशन की अदला-बदली के कारण, खुद को एक बड़े विवाद में उलझा हुआ पाती है, महाजन परिवार के भीतर कुछ बुरे इरादे और छिपे हुए गठबंधन सामने आते हैं, जिससे दर्शक चौंककर अपनी सीटों से खड़े हो जाते हैं। चूंकि भानुप्रताप (पुनीत इस्सर) पर समूह का उत्तराधिकारी चुनने का दबाव बढ़ गया है, लंबे समय से दबी हुई पारिवारिक प्रतिद्वंद्विता फिर से उभर आती है, जिससे इस व्यावसायिक साम्राज्य के टुकड़े-टुकड़े होने का खतरा पैदा हो जाता है। आंतरिक समिति ने युविका को दोषी घोषित कर दिया है, जिसके साथ ही सस्पेंस और बढ़ गया है क्योंकि भानुप्रताप (पुनीत इस्सर) को अपने जीवन के सबसे कठिन सवाल का सामना करना पड़ रहा है - अगला वारिस कौन बनेगा? इस परिवार के भीतर सत्ता संघर्ष केंद्र स्तर पर है, जिसके साथ ही लंबे समय से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता और छिपे हुए इरादे सामने आते हैं। आगामी एपिसोड्स में, दर्शक अनकहे रहस्यों को खुलते हुए देखेंगे और भानुप्रताप को महाजन साम्राज्य के असली उत्तराधिकारी को खोजने का प्रयास करते हुए देखेंगे। भानुप्रताप का किरदार निभाने वाले पुनीत इस्सर ने कहा, ÷आंतरिक समिति द्वारा युविका को दोषी घोषित किए जाने से मेरा किरदार भानुप्रताप दुविधा में फंसा हुआ है। इस कारण से उसे अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न का सामना करना पड़ रहा है - महाजन समूह की विरासत वास्तव में किसे मिलेगी? आने वाली घटनाओं से कई छिपी हुई सच्चाइयां सामने आएंगी और भानुप्रताप को साम्राज्य का उत्तराधिकारी चुनते समय कुछ कठोर फैसले लेने होंगे। एक भावनात्मक उतार-चढ़ाव के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि हम सत्ता, विश्वासघात और सही उत्तराधिकारी की तलाश का मनोरम सफर देखेंगे।÷



## क्या युविका की जान खतरे में है क्योंकि उसने अपने पिता के ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है?



सोनी सब की नवीनतम पेशकश, वंशज पारिवारिक राजनीति और दृष्टिकोण के जटिल जाल पर गहराई से चर्चा करती है। इस मनोरम कहानी के केंद्र में प्रतिभाशाली अंजलि तत्रारी द्वारा अभिनीत किरदार युविका है, जिसके जीवन में तब एक अप्रत्याशित मोड़ आता है, जब उसे महाजन ग्रुप के नव नियुक्त चेयरमैन धनराज (गिरीश सहदेव) एक महत्वपूर्ण परियोजना सौंपते हैं, जिसके साथ ही वह एक चुनौतीपूर्ण सफर पर निकल पड़ती है। युविका की राह इतनी आसान नहीं है क्योंकि उसे अपने पिता प्रेमराज के ड्रीम प्रोजेक्ट फ़ीनिक्स होटल को पूरा करने के काम में कई संघर्षों का सामना करना पड़ता है। इस काम में कई कठिन चुनौतियां सामने आती हैं, जो वास्तव में हर कदम पर उसके कौशल की परीक्षा लेती है। इन इम्तहानों के बीच, एक नया प्रतिद्वंद्वी सामने आता है - संग्राम सिंह (सोनीर वढेरा), जो फ़ीनिक्स होटल की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के लिए ज़िम्मेदार अराजकता के पीछे का दिमाग है। जैसे ही युविका इन सभी उतार-चढ़ावों से निपटने की कोशिश करती है, संग्राम सिंह उसके लिए चीजों को और भी जटिल बना देता है। युविका का मिशन तब खतरनाक हो जाता है, जब फ़ीनिक्स होटल युद्ध के मैदान में बदल जाता है, जिसे वह बहाल करने की कोशिश कर रही है।

## परिवा प्रणति ने अंतर्राष्ट्रीय बिल्ली दिवस पर बिल्लियों के प्रति अपने प्यार को व्यक्त किया

ऐसी दुनिया में जो अक्सर कैमरे और लाइट के इर्द-गिर्द घूमती है, दिल छू लेने वाली एक कहानी आम कथानकों से परे चमकती है। बेहद चहेती शख्सियत, परिवा प्रणति को न केवल सोनी सब के शो वागले की दुनिया में वंदना वागले के किरदार में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, बल्कि वह बिल्लियों के प्रति अपने गहरे लगाव के लिए भी प्रसिद्ध हैं। जबकि अंतरराष्ट्रीय बिल्ली दिवस आने वाला है, परिवा ने विनम्रतापूर्वक इन आकर्षक प्राणियों के साथ अपने संबंध के बारे में बात किया। चाहे घर में प्यारी बिल्लियों को पालना हो, या ÷वागले की दुनिया÷ के सेट पर देखभाल करने वाली भूमिका निभाना, परिवा का बिल्लियों के प्रति प्यार करुणा और खुशी की एक प्यारी कहानी है। अंतरराष्ट्रीय बिल्ली दिवस पर, वंदना का किरदार निभाने वाली परिवा प्रणति ने बताया, ÷मुझे बचपन से ही जानवरों से बहुत प्यार रहा है, और मैं गिलहरी से लेकर पक्षियों तक, हर जरूरतमंद जीव को बचाती। मैंने पहली बार फिल्म सिटी में एक बिल्ली को बचाया था, और तब से, मैंने कई अन्य बिल्लियों को बचाया है, और यह सुनिश्चित करती हूं कि उन्हें गोद लेकर प्यार भरा घर दिया जा सके। मेरे घर पर लगभग छह से सात बिल्लियां हैं, और वे बेहद गर्मजोशी से भरी और शानदार हैं।

# नागरिकों को मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

## गौर नृत्य का प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा, 20 अगस्त।** आगामी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाए जा रहे है। जिले में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम निरंतर सुचारू रूप से संचालित हो रहा है,स्वीप के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन इत्यादि के लिये लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। गली मोहल्ले में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से सभी से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है।आज विशेष शिविर आयोजित कर जिले में ''दण्डामी माड़िया थीम'' पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा गौर नृत्य का प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।



मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर आने के लिए लोगो से बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। मेरा वोट मेरा अधिकार के नारे लगाते हुए लोगों से वोटिंग की अपील की गई। साथ ही वोट डालना उनका अधिकार है यह समझाइश देते हुए लोगों को जागरुक किया गया।लोगो में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों , स्कूली बच्चों, आम नागरिकों ने जागरूकता रैली निकाली।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में मानव श्रृंखला बनाकर सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 18 आयु वर्ष पूरी कर चुके सभी युवाओं से अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए अपील की जा रही है। लोगों से वोट डालने जागरुक करने के लिए विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली के जरिए मतदाता जागरूकता अभियान पर प्रकाश डाला जा रहा है।जमीन पर बनाई गई आकर्षक रंगोली हर किसी को अपनी तरफ आकर्षित करते हुए लोगों को वोट के महत्व के बारे में बता रही थी।रंगों से सराबोर तिरंगा व नारे से लोकतंत्र में मतदाता व मतदान के महत्व से लोगों को अवगत कराने की कोशिश,कर लोगों से मतदान करने का अनुरोध किया गया । छात्र छात्राओं द्वारा मतदान विषय पर एक से बढ़कर एक सुंदर रंगोली बनाकर लोगों को मतदान का संदेश दिया गया।

आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिले के सभी विकासखंड में जागरूकता रथ के माध्यम से ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए मतदान करने की प्रक्रिया बताई जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है कि वोट डालने के लिए मतदाता को अपने पसंद के प्रत्याशी के नाम के सामने वाला बटन दबाना होगा तथा बटन दबाने के बाद जिस प्रत्याशी को वोट दिया है। उसके नाम के सामने वाली लाइट जलेगी। इसके बाद वीवीपैट पर कुछ सेकेण्ड के लिए एक पर्ची दिखाई देगी जिसे देखकर मतदाता यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उन्होंने जिस प्रत्याशी का बटन दबाया है वोट उसी को मिला है। इस दौरान ग्रामीणों ने ईवीएम का बटन दबाकर, वीवीपैट में कुछ सेकेण्ड के लिए पर्ची दिखाई देने की प्रक्रिया को देखा। और स्वयं अभ्यास भी किया। इस प्रकार वन क्षेत्र में बसे गाँवों के निवासियों को अनिवार्य रूप से वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक नजर

### कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में साफ-सफाई का किया अवलोकन

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज जिले में चलाये जा रहे मेरा घर मेरा दफ्तर अभियान के तहत कलेक्टोरेट में किये जा रहे साफ-सफाई का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक रिकार्ड व्यवस्थित कर संधारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में साफ-सफाई का कार्य किया गया। उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर के सभी कार्यालय का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक शासकीय कार्यालय की साफ-सफाई की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी को सफाई अभियान में शामिल होने के लिए प्रेंरित करें। सफाई अभियान अंतर्गत रिकार्ड व्यवस्थित रखना है। आज कलेक्टोरेट सहित जिला पंचायत, नगर निगम, कृषि विभाग, जनसंपर्क विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व, लोक निर्माण विभाग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, कौशल विकास, नगर एवं ग्राम निवेश, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, समस्त एसडीएम कार्यालय, जिले भर के सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई की गई। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बोरी के बच्चों ने मारी बाजी ,प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने किया सम्मानित



**राजनांदगांव 20 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी के के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया गया जिसमें तीसरे स्थान प्राप्त करने पर एवं प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत जी द्वारा सम्मानित होने पर पूरे साला परिवार ग्राम बोरी एवं प्रिंसिपल श्रीमती अनीता सहारे , ग्राम पंचायत भेड़ी कला सरपंच कृष्णा साहू, शाला विकास समिति विधायक प्रतिनिधि लाला राम देवांगन सहित शिक्षकगण, पालको ने दी बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं ।

### शासन की योजनाओं का लाभ लेकर मजदूर के बच्चे भी कर रहे हैं नौकरी:सुशील सन्नी अग्रवाल




**धमतरी 20 अगस्त।** शासन की मंशानुरूप श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं को श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज धमतरी जिला मुख्यालय स्थित शहीद वीर नारायण सिंह सामुदायिक भवन में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष श्री सुशील सन्नी अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल ने श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की है और उन्हीं योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचने आज मैं आपके बीच आया हूं। उन्होंने श्रमिकों से आह्वान किया कि आप सभी को शासन की इन योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है, क्योंकि जब आपको इन योजनाओं की जानकारी होती है तभी आप योजनाओं का लाभ ले पायेंगे। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री श्री बघेल की मंशानुरूप अब श्रम विभाग द्वारा आपको दी जाने वाली सामग्रियों की राशि सीधे आपके खाते में हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पहले श्रम विभाग में श्रमिकों के लिए सिर्फ 10 योजनाएं संचालित थी।

# जिले के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का किया गया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर 20 अगस्त** । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों अंतागढ विधानसभा क्षेत्र के 221, भानुप्रतापपुर के 266 एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के 240 इस प्रकार जिले के सभी 727 मतदान केन्द्रों में आज 19 अगस्त को विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें फोटोयुक्त मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन करने, संशोधन एवं स्थानांतरण के लिए फार्म प्राप्त किये जा रहे हैं, कल 20 अगस्त को भी इन मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ के द्वारा फार्म संबंधी दस्तावेज प्राप्त किये जा रहे हैं। मतदान केन्द्र में प्राप्त आवेदनों की जानकारी निर्धारित प्रारूप-9, 10, 11 एवं 11क में चस्पा किया गया, ताकि उस क्षेत्र के मतदाता व आम नागरिक प्राप्त दावे, आपत्तियों का अवलोकन कर सकें। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कांकेर, भानुप्रतापपुर एवं अंतागढ़ के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मतदान केन्द्रों का आज औचक निरीक्षण कर प्राप्त फार्मो की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन कार्यालय के प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदान केन्द्रों में आयोजित विशेष शिविर में आज मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 2834 आवेदन, नाम काटने के 1018 आवेदन और संशोधन के लिए 1143 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में नाम जोड़ने से संबंधित 1775 आवेदन, नाम काटने के लिए 515 आवेदन और संशोधन के लिए 546 आवेदन प्राप्त हुए। कांकेर विधानसभा क्षेत्र में नाम जोड़ने के 505 आवेदन, नाम काटने के 202 आवेदन और संशोधन के 307 आवेदन प्राप्त हुए तथा भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में नाम जोड़ने के लिए 554 आवेदन, नाम विलोपन के लिए 301 आवेदन तथा संशोधन के लिए 290 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कल 20 अगस्त को भी जिले के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# हमारी सरकार ने प्रस्तुत की छत्तीसगढ़ की नई तस्वीर:मुख्यमंत्री

**रायपुर, 20 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारी सरकार ने पिछले पौने पांच सालों में छत्तीसगढ़ की नई तस्वीर प्रस्तुत की है। हमने सरकार बनते ही गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा दिया और छत्तीसगढ़ के सभी वर्गो के उत्थान के लिए योजनाएं शुरू की। फलस्वरूप आज छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ-साथ उद्योग और व्यापार जगत भी तेजी से फल-फूल रहे हैं। हमारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है कि नीति आयोग की रिपोर्ट में राज्य के 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर हुए है। श्री बघेल आज एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम शिखर सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में कहा कि पिछले पौने पांच सालों में हमने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के ध्येय को पूरा करने के लिए काम किया है। आज छत्तीसगढ़ की पहचान नवा छत्तीसगढ़ के रूप में हो रही है। हमारी सरकार के काम-काज से यहां के किसानों, आदिवासियों, व्यापारियों और उद्योग जगत में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज के सपनों को पूरा करने हमने सुराजी गांव योजना शुरू की, इससे गांवों में खेती-किसानी मजबूत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू की। समर्थन मूल्य पर 107 लाख मीट्रिक टन धान खरीदकर नया रिकॉर्ड बनाया है। पहले 12 लाख किसान धान बेच रहे थे। आज 24 लाख धान बेच रहे है। देश का दो तिहाई लघु वनोपज का संग्रहण राज्य में हो रहा है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना में महिला समूहों वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने में महिला समूहों को रोजगार दिया जा रहा है। गौठानों में लगभग 250 करोड़ का गोबर खरीदा गया। लगभग 6 हजार गौठान आज स्वावलंबी हो चुके हैं। आज गांव उत्पादन के केन्द्र बन गए हैं, शहर विपणन के केन्द्र, यही गांधी जी ग्राम स्वराज की संकल्पना थी। हमारी सरकार द्वारा 1 लाख 22 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इसके अलावा युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ संस्कृति और परंपरा पर अब लोग गर्व कर रहे हैं। हमने यहां के तीज-त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश और खान-पान को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राज्य में आदिवासी संस्कृति को संरक्षण और संवर्धन के लिए अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन के साथ ही आदिवासी परब सम्मान निधि योजना भी शुरू की है।

# डूबते जहाज का कप्तान बनाए जाने से निराश दीपक बैज कर रहे हैं अनर्गल बयानबाजी:रामू नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 अगस्त।** रायपुर के संकल्प शिविर में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का भाषण में बीजेपी कार्यकर्ताओं को हताश बताना दरअसल दीपक बैज की स्वयं की हताशा का प्रदर्शन था । दरअसल दीपक बैज को कांग्रेस ने डूबती नाव का कप्तान बना दिया है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में उन हार का ठीकरा फोड़ कर उनसे इस्तीफा लिया जा सके ।



जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी उपरोक्त आरोप पीसीसी चीफ दीपक बैज पर लगाए हैं । जारी विज्ञप्ति में रामू नेताम ने कहा है कि दीपक बैज कांग्रेस के इन साढ़े चार वर्षों के शासन में हुए भ्रष्टाचार और एक भी विकास कार्यो का न होने की वजह से कांग्रेस के प्रति जनता के गुस्से को समझ चुके हैं ,पर बीजेपी कार्यकर्ताओं को हताश बताकर वो अपनी हताशा का प्रदर्शन कर रहे हैं । रामू नेताम ने कहा बीजेपी का हर एक कार्यकर्ता जोश और उत्साह से लबरेज है क्योंकि उसके साथ प्रदेश की जनता खड़ी है , जबकि कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने ही नेताओं से बुरी तरह नाराज है,और साढ़े 4 साल में ही उन्हें अपने नेताओं की सच्चाई पता चल गई है और वो भी आगामी चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने को तैयार बैठे हैं ।

रामू नेताम ने कहा कि दीपक बैज के 10 साल शासन का दावा भी हवा हवाई है ,उन्हें ये बात अच्छे से पता है कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में बुरी तरह से हार रही है और आने वाले 10 साल तक प्रदेश में कांग्रेस का नामोनिशान नहीं रहेगा ।

जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि बीजेपी ने अपने शासन के दौरान प्रदेश में विकास की गंगा बहाई थी ,आज प्रदेश और जिलों में जो भी विकास कार्य नजर आ रहे हैं सारे बीजेपी शासन की देन है।जनता ने कांग्रेस को एक अवसर दिया था प्रदेश के विकास में भागीदारी निभाने की पर कांग्रेस ने यहां भी अपने भ्रष्टाचार के और धार्मिक ,सांस्कृतिक भेदभाव के जहर से छत्तीसगढ़ समरसता को खत्म करने का प्रयास किया जिससे आम जनता कांग्रेस को इस प्रदेश से बाहर खदेड़ने के लिए प्रतिबद्ध है ।

## भण्डार गृह में रखी खाद्यान्न सामग्री का अवलोकन किया

# जिला जेल का जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 अगस्त।** 19 अगस्त को माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा श्री विजय कुमार होता, श्री शैलेश शर्मा, माननीय अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी. श्रीमती रश्मि नेताम, माननीय मुख्य न्यायाधीश दंतेवाड़ा, श्री संजय सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदी बैरकों, पाकशाला, भण्डार गृह का निरीक्षण किया गया। पाकशाला में भोजन बनाने वाले बंदियों से भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया गया तथा बंदियों को स्वच्छता के साथ गुणवत्ता भोजन बनाने, पाकशाला में विशेष साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। बंदियों हेतु पकाये गये भोजन चांवल, दाल एवं सब्जी तथा भण्डार गृह में रखे गये खाद्यान्न सामाग्रियों का अवलोकन किया गया। सभी बैरकों में जाकर बंदियों से उनके हालचाल पुछा गया। जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, कौशल विकाश प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त किया गया। बंदियों से बातचीत कर उनके प्रकरणों के संबंध जानकारी प्रदाय किया गया तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण में आ रही दिक्कतों को दूर करने हेतु उनके प्रकरणों / समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निराकरण तथा हर संभव प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया गया। विगत दो वर्षो में लगभग 50 प्रतिशत बंदी जेल से रिहा किये गये या उनके प्रकरणों का निराकरण किया गया है। श्री संजय सोनी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा द्वारा बताया कि जेल में लिगल एड क्लिनीक स्थापित जहां पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता के माध्यम से उन्हें हर संभव विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है। बंदियों को उनके प्रकरणों के संबंध में उपलब्ध कानूनी सहायता तथा बंदियों के विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराकर विधिक साक्षरता प्रदान किया जा रहा है। बंदियों को भी अपने प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु सजग रहना होगा तथा प्रयास किया जाना चाहिए।



माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बंदियों को जेल में नियमों का पालन करना, आपस में मिलजुल कर रहना, साफ सफाई रखना, ज्यादा से ज्यादा पुस्तकें पढ़ना, पुनः अपराध न करना तथा जेल प्रशासन का सहयोग करना तथा जेल से रिहा होकर अपराध से मुक्त होकर समाज की मुख्यधारा से पुनः जूड़ने हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक श्री जी.एस.शोरी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## समाचार संक्षेप

### कवासी लखमा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा



**सुकमा 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोलाइगुड़ा व वीराभठ्ठी में मंत्री कवासी लखमा का दौरा कोलाइगुड़ा व वीराभठ्ठी में मंत्री कवासी लखम ने ग्रामीणों से किया मुलाकात दूर-दराज क्षेत्रों से मंत्री से मिलने पहुंचे ग्रामीण घोर नक्सल प्रभावित कोलाईगुडा व वीराभठ्ठी जैसे जगह पहली बार पहुंचे कोई मंत्री वही मंत्री कवासी लखमा ने कोलाइगुड़ा ग्रामीणों को 29 लाख दी सौगात इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी व पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण भी रहें मौजूद।

### नारी जागरण में मिनीमाता की महत्वपूर्ण भूमिका:अशोक बजाज



**रायपुर 20 अगस्त ।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा अभनपुर मंडल के तत्वावधान में ग्राम सिवनी में आयोजित छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता की पुण्यतिथि एवं लाभार्थी सम्मेलन में गांव के विशिष्ट लोगों का सम्मान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज ने इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मिनीमाता त्याग तपस्या की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने नारी उत्थान, नारी जागरण, नारी को समाज में उच्च स्थान दिलाने की दिशा में जीवन समर्पित किया. वे महान तपस्वी, कर्मठ समाजसेविका थीं. उन्हें छत्तीसगढ़ क्षेत्र की प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त है. उनके विचार सदैव अमर रहेंगे.श्री बजाज जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति के हितों के बारे में कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई हैं, जिसमें किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, शौचालय निर्माण योजना, जन धन बैंक खाता, कोरोना काल में फ्री वेक्सीनेशन, जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत हर घर नल हर घर जल योजना जैसे अनेक योजनाओं के द्वारा सबके जीवन स्तर को ऊपर करने का काम किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए युवा पीढ़ी को नशापान से दूर करना है तभी समाज की संस्कृति व परम्परा की रक्षा कर पाएंगे. कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ लोगों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया. सभा को मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंदन बघेल, जनपद सदस्य व मंडल महामंत्री सूरजलाल साहू एवं अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रोहित कुर्रे ने भी संबोधित किया गया. इस दौरान जनपद सदस्य संगीता शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष बिसाहू बैस, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीकांत ठाकुर, पंचराम ओगरे नायकबांधा, मुन्ना खोमसिंह सिंह ठाकुर धुसेरा, पूर्व सरपंच पवन कुर्रे, सेवाराम साहू, सुखीराम नवरंगे, हुलसूराम पटेल, नारद साहू, रामचरण साहू, रामनाथ टण्डन, बसंत टण्डन, सुखराम मारकण्डे, श्यामलाल जांगड़े, माखन मारकण्डे, झंगलू धृतलहरे, प्यारेलाल जांगड़े, राजू टण्डन, समारु डहरिया, धनेश बंजारे, साजन नवरंगे, झड़ीराम साहू, पंकज ठाकुर, प्रकाश तारक, दीनू साहू, दिलीप डहरिया, पुन्नू प्रजापति, सुखी पाल, मुकेश साहू, लक्ष्मी साहू, आलम डहरिया, हरि टण्डन सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए देश का हर नागरिक करें मतदान

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज शासकीय डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंसतपुर स्थित मतदान केन्द्र में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने, स्थानांतरण तथा संशोधन के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित बीएलओ से कहा कि शहरी क्षेत्रों में ऐसे क्षेत्र जहां मतदान का प्रतिशत कम है, वहां मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है।

## एक नजर

### कलेक्टर के निर्देश पर आवारा पशुओं पर हो रही लगातार कार्रवाई



रायगढ़, 20 अगस्त। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में शहर की सड़कों को आवारा पशुओं एवं उनसे होने वाली दुर्घटनाओं से निजात दिलाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा हैं। जिसके तहत नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं एवं पशुओं को खुले में छोड़ने वाले 35 पशुपालकों पर 31 हजार 500 रूपए जुर्माने की कार्यवाही की गई। साथ 210 से अधिक पशुओं को सड़कों से गोठानों में विस्थापित करने का कार्य किया जा चुका हैं। आगे यह कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी। उल्लेखनीय हैं कि कलेक्टर श्री सिन्हा ने पालतू पशुओं को आवारा छोड़ने वालों पर कार्यवाही करने और अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को शहरी क्षेत्र में विशेष रूप से इस दिशा में कार्यवाही करने एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। जिसके तहत शहरी क्षेत्र में लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी प्रकार सड़कों पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट अभियान चलाकर बांधने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं एवं सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित दिया गया था।

कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 1104 पशुओं में रेडियम बेल्ट, 1156 पशुओं में टेगिंग एवं 448 मवेशियों को सड़कों से गौशाला, गौठान आदि में विस्थापित किया जा चुका हैं। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का उपचार भी किया जा रहा है। इसी प्रकार निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में अभियान के तहत आवारा मवेशियों पर कार्यवाही करते हुए, काउ कैचर के माध्यम से सड़कों से 210 आवारा मवेशियों को संबलपुरी गोठान में विस्थापित कर, खुले में छोड़ने वाले 35 से अधिक पशुपालकों पर आर्थिक जुर्माने की कार्यवाही की जा चुकी है और यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### मिशन इंद्रधनुष की तैयारी की बैठक में समीक्षा की गई

रायगढ़, 20 अगस्त। आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु



रायगढ़ (शहरी क्षेत्र) अंतर्गत टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा शहरी क्षेत्र में की गई तैयारी, टीकाकरण हेतु कार्ययोजना के बारे में बताया। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम द्वारा सूचना, प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने एवं 100 प्रतिशत संपूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी मितानिन, महिला एवं बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के अमले को समन्वय एवं संयुक्त प्रयास से करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक शहरी विश्व स्वास्थ्य संगठन के जिला प्रभारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी (रायगढ़ शहरी) मितानिन क्षेत्र समन्वयक एवं नगर निगम से स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन 23 अगस्त को

रायगढ़, 20 अगस्त। भारतीय डाक विभाग के रायगढ़ संभाग द्वारा 23 अगस्त 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्यालय अधीक्षक डाकघर, पंजाब नेशनल बैंक के पास, अनाथालय रोड रायगढ़ में वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनी आर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा इत्यादि में आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवा से संबंधित अपनी शिकायत पूर्ण विवरण जैसे शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाईल नंबर के साथ अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग, अनाथालय रोड, रायगढ़ में 23 अगस्त या उससे पहले भेज सकते है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए अंतिम सूची जारी

रायगढ़, 20 अगस्त। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बाबूपारा वार्ड क्रमांक 11 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। जारी पत्रक के आधार पर किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 21 से 31 अगस्त 2023 तक सीधे परियोजना कार्यालय में दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 4 सितम्बर तक आवेदन

रायगढ़, 20 अगस्त। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खर्राघाट वार्ड क्रमांक 21 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 21 अगस्त से 4 सितम्बर 2023 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि तक अपना आवेदन पत्र परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ शहरी में जमा कर सकते है। पटल पर चस्पा किया गया है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिकनीपानी में

# विधायक ने छात्राओं को बांटी 31 साइकिलें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



पत्थलगांव, 20 अगस्त। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विधायक रामपुकार सिंह द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिकनीपानी में स्कूली बालिकाओं को 31 साइकिलों का वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आबंटित निःशुल्क कापी पुस्तको का भी वितरण किया गया। विधायक रामपुकार सिंह ने कहा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना छ.ग सरकार का मुख्य उद्देश्य है,इस योजना से मिलने वाली साइकिल से छात्राओं को काफी फायदा हुआ है।

विधायक रामपुकार सिंह शिक्षा की महत्वता को बताते हुये सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने प्रेरित किया। विधायक रामपुकार सिंह ने कहा कि अनुशासन ही देश को महान बनाता है,श्री सिंह ने कहा की छ.ग सरकार की सायकल वितरण योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है,बल्कि इस योजना से बेटियों की शिक्षा की राह आसान हो गई है,इस दौरान विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। आदिवासी समाज में पूजनीय करमा वृक्ष की महत्वता को भी विधायक रामपुकार सिंह ने बताया। कार्यक्रम में कृषि मंडी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल,प्रवीण शर्मा,रवि शर्मा बागबाहर,पूनम पैंकरा,मंडल अध्यक्ष बसंती मिंज,बी.डी.सी रघु यादव,नूरसिंह,रामप्रसाद बघेल चिकनीपानी सरपंच,दया राम भगत,लक्ष्मण भगत कुकुरभूका सरपंच औरेशिया केरकेट्टा,प्राचार्य तीर्थ मोहन यादव समेत अन्य ग्रामीणजन व विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद थे।।

प्रमाण पत्र में न विजेता का नाम न ही खेल का नाम, कोरे बांट दिए गए बच्चों को प्रमाणपत्र

# अव्यवस्था के बीच सम्पन्न हुआ नपा का दो दिवसीय छत्तीगढ़िया ओलंपिक खेल



गरियाबंद, 20 अगस्त। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्थानीय छत्तीसगढीया खेल कूद को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य भर में छत्तीगढ़िया ओलंपिक का आयोजन नगर पालिका की निगरानी में किये जा रहे है।वही शुक्रवार और शनिवार को जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में दो दिवसीय छत्तीगढ़िया ओलंपिक खेल शुभारंभ को नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों की देखरेख में किया गया जिसमें भारी अव्यवस्था देखने को मिली इन स्थितियों को देखते हुए मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ला ने भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कहीं भी प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डेहरिया का नाम व छायाचित्र देखने को नहीं मिला, यहां तक प्रमाण पत्रो मे भी किसी बच्चे या खेल का भी नाम देखने को नहीं मिला जबकि अच्छे खेलने वाले बच्चों को वितरित प्रमाण पत्र में होना चाहिए था डिजिटल सिग्नेचर ही प्रमाण पत्र में था यह कार्यक्रम पूरी तरह से अव्यवस्थित रहा। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के दोनो दिन अव्यवस्थाओ का आलम देखा गया।आयोजित इस प्रतियोगिता में न ही कोई जिम्मेदार अधिकार दिखे न ही कोई कर्मचारी,ये प्रतियोगिता केवल कुछ शिक्षकों के द्वारा सम्पन्न कराया गया।इस बात की शिकायत कुछ खिलाडी और जनप्रतिनिधियों के द्वारा विधायक से किया गया उसपर विधायक द्वारा नाराजगी भी देखी गई।इस आयोजन में गरियाबंद,फिंगेश्वर राजिम और छूरा क्लस्टर के 300 महिला एवं पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों के द्वारा 100 मिटर दौड़ गेड़ी दौड़,फुगड़ी, बिलल्स,भंवरा,लंबी कूद,रस्सी कूद,कुश्ती, गिल्ली डंडा,कबड्डी,खोखो और पितुल खेल का प्रदर्शन किया गया।वही इस प्रतियोगिता में 0 से 18 ,18 से 40 ,40 से ऊपर की महिला और पुरुष प्रतिभागियों गरियाबंद फिंगेश्वर,राजिम और छूरा के क्लस्टर से भाग लिए जिसका समापन शनिवार को गांधी मैदान में किया गया।आयोजित इस छत्तीगढ़िया ओलंपिक खेल के सभी खेलो में विजेता खिलाड़ियों का चयन जिला स्तर के लिए होगा जो अपनी प्रतिभा जिला स्तर में दिखायेंगे।इस आयोजन को सफल बनाने में संजीव साहू सूरज महाडिक ,गिरीश शर्मा,महेन्द्र यादव,नंद कुमार रात्रे देवेन्द वंजारी,नीलेश देवांगन,दानवीर साहू,लोकेश ध्रुव का सहयोग रहा।

### कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई सद्भावना की शपथ



रायगढ़, 20 अगस्त। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी के जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई गई। कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों और शाखाओं में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों ने जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म और भाषा का भेदभाव किये बिना भावनात्मक एकता और सद्भावना पूर्वक कार्य करने तथा हिंसा का सहारा लिये बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की शपथ ली। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर श्री एस.के.कंवर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता-पिता ने दीदी रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




रायगढ़, 20 अगस्त। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के माता-श्रीती आशा त्रिपाठी एवं पिता श्री सुभाष त्रिपाठी तथा कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट परिसर से भारतीय कामगार संगठन की पहल से प्रारंभ की गई दीदी रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री प्रेम नारायण मौर्य, श्री अनिल अग्रवाल एवं जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

दीदी रसोई चलित फूड वैन के माध्यम से जरूरतमंदो को सस्ता भोजन उपलब्ध करने के लिए विशेष स्थानों में यह वैन अपनी सेवाएं देगी। अपनी शुरुआती दौर में यह फूड वैन कलेक्टोरेट परिसर के पास रहेगा साथ आगामी दिनों के इसका विस्तार करते हुए शहर के अन्य स्थानों में लगाया जाएगा। भारतीय कामगार संगठन के अध्यक्ष श्री महादेव परिहारी ने बताया की इस कार्य के लिए काफी दिनों से कार्य योजना बनाई जा रही थी, इसका उद्देश्य सभी जरूरतमंदो को कम कीमत में भोजन उपलब्ध करवाना हैं। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल के लिए फूड वैन की व्यवस्था की जा रही हैं। ताकि दूर-दराज से आने वालो लोगों को सस्ता भोजन मिल सकें। साथ ही इस फूड वैन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अपने परिजनों की स्मृति में भोजन वितरण करने के लिए दीदी रसोई से संपर्क कर सकते हैं। तरड़ा गोठान में हैण्डलूम प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

### संबलपुरी वस्त्रालय को मिलेगी मजबूती, ग्रामोद्योग विभाग दे रहा प्रशिक्षण



रायगढ़, 20 अगस्त। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव के विशेष मार्गदर्शन में आज रीपा तरड़ा गोठान परिसर में संबलपुरी वस्त्रालय को मजबूती प्रदान करने के लिए ग्रामोद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन के समग्र हाथकरघा विकास योजनान्तर्गत नवीन बुनाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया हैं। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित चार माह के इस प्रशिक्षण में 10 हैण्डलूम मशीन के माध्यम से 22 महिलाएं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण समाप्त होने से पहले 10 और हैण्डलूम मशीन महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं बेहतर कार्य कर सके। इस अवसर पर ग्रामोद्योग विभाग से श्री विपिन लालवानी, ग्रामोद्योग निरीक्षक श्री जानकी प्रसाद, सरपंच तरडा श्रीमती मायावती पटेल, गोठान अध्यक्ष श्री गुलाब राम पटेल, आदि थे।

# तमनार में महिलाओं एवं स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को किया मतदान के लिए प्रेरित




रायगढ़, 20 अगस्त। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के तहसील तमनार के आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल मैदान में 2000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा चिन्हारी लोकतंत्र के तहत मानव श्रृंखला के माध्यम से वोटर चिन्ह निर्माण कर लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु प्रेरित किए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं एसडीएम घरघोड़ा श्रीमती ऋषा ठाकुर के नेतृत्व में लगभग 2000 महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी बोली में मतदान हेतु शपथ लिए। इसके साथ ही उन्होंने अपने परिवार के मतदाता सदस्यों, आस-पड़ोस के लोगों को भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने हेतु संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि 2 से 31 अगस्त 2023 तक सभी मतदान केंद्रों पर द्वितीय फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 का कार्य प्रारंभ है जिसमें दावा-आपत्ति तथा संशोधन का कार्य बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 19 एवं 20 अगस्त को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। विशेष शिविर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।कार्यक्रम में तहसीलदार रिचा सिंह, नायब तहसीलदार रश्मि पटेल, मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा, ग्राम्य भारती संचालक लक्ष्मीनारायण चौधरी, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी अर्चना मरकाम, सीईओ वीरेन्द्र सिंह राय, दुलेन्द्र पटेल, तमनार तहसील के सभी निर्वाचन मास्टर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, महिला समूह एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### नववधुओं का हुआ सम्मान

आगामी निर्वाचन में महिला मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप योजना अंतर्गत तमनार में नवविवाहिता वधु सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में 18 वर्ष एवं इससे अधिक वर्ष की प्रत्येक महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना, निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना, महिलाओं को भयमुक्त होकर मतदान के लिए प्रेरित करना, विवाह उपरांत निवास स्थान पर मतदाता सूची में पंजीयन कराना, मतदाता सूची में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन की जानकारी देना था।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक



बीजापुर 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने निर्देश दिए।बैठक में एजेंडा वार समीक्षा करते हुए जन्म-मृत्यु पंजीयन की आनलाईन एंट्री, सूदूर क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केन्द्रों मे पदस्थ एएनएम सहित अन्य कर्मचारियों को मुख्लालय मे अनिवार्य उपस्थिति, एएनसी पंजीयन, एवं प्रसव पूर्व सभी जांच समयानुसार करने,गर्भवती महिलाओं का सभी प्रकार की आवश्यक जांच, शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव हेतु आवश्यक कार्ययोजना के तहत प्रसव के 15 दिवस पूर्व वेटिंग बर्थ मे गर्भवती महिला को रखने, 21 अगस्त से शुरू होने वाले समग्र टीकाकरण अभियान के तहत छूटे हुए सभी बच्चों को टीकाकरण कर शतप्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने, मलेरिया जांच में बढोतरी कर पाजिटिव्ह मरीजों का समुचित उपचार सहित सभी आवासीय संस्थानों में दवाई छिड़काव, मच्छरदानी का शतप्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वहीं मौसमी बीमारियों के प्रति गंभीरतापूर्वक आवश्यक जांच, उपचार एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य रूप से सीएमएचओ डॉ अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ वाए के ध्रुव, सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर्स,जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित नीति आयोग के जिला एवं स्वास्थ्य समन्वयक उपस्थित थे।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली सद्भावना की शपथ




बीजापुर 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्रवार को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सद्भावना शपथ ली। राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार कटारा द्वारा जिला कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इसके अलावा जिले के समस्त कार्यलयों मे भी सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने सहित हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की शपथ ली। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी की जयन्ती 20 अगस्त को हर वर्ष सद्भावना दिवस पर अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यालय प्रमुख द्वारा शपथ दिलाई जाती है। चूंकि इस बार 19 एवं 20अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को शुक्रवार को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई गई है।

### छात्र छात्राओं को दी गई सायबर क्राइम की जानकारी



बीजापुर 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मावा पुलिस केतुल के तहत नेलसनार हायर सेकण्डरी स्कूल के छात्र- छात्राओं को साइबर अपराध, गुड टच बैड टच के साथ यातायात नियमों सड़क दुर्घटना के कारणों संकेतों एवं चिन्हों के विस्तृत जानकारी देते हुए यातायात के एक ऐसे विषय वस्तु है जिसके जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है इन दुर्घटनाओं से बचाव हेतु यातायात नियमों की जानकारी ही नहीं अपितु नियमों का पालन करना भी चाहिए ताकि इसके साथ-साथ अन्य सड़क प्रयोगकर्ता सहस सुगम एवं सुरक्षित तरीके से आवागमन कर सके । यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है दुर्घटना से बचाव हेतु चौक चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात संचालन हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, नाबालिक का वाहन नहीं चलाना, वाहन का संपूर्ण दस्तावेज होने पर वाहन चलाना, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलाना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना वाहन चलाते, समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेबरा क्रॉसिंग से गुडसेमेरिटन, दुर्घटना के कारण व दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीके के साथ यातायात के अनिवार्यता आदेशात्मक संकेत, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेत से संबंधित जानकारी दिया गया । नरवेद सिंह, जिला संगठक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रेड क्रॉस का उद्देश्य ब्लड डोनेट का नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, श्रीमती शीला भारद्वाज द्वारा सखी सेंटर द्वारा हो रहे महिला संबंधित अपराधों पर कानूनी प्रावधान से संबंधित जानकारी बच्चों को दी गई ।

### जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक विक्रम मंडावी ने लोगों से किया संवाद



बीजापुर 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अपने दो दिवसीय भोपालपटनम दौरे के अंतिम दिन शनिवार को बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी भद्राकाली पंचायत पहुँचे और भद्राकाली स्थित माँ भद्राकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। माँ भद्राकाली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद विधायक विक्रम मंडावी ने ग्राम पंचायत भद्राकाली में ही आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों से खेती किसानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पीने के शुद्ध पानी, आदिवासी विकास, सड़क, सहित विभिन्न विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने क्षेत्र के विकास के लिए कई सौग़ातें भी दी है।

लोगों से संवाद करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि 卐जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से किसान, युवा, आदिवासी, छोटे व्यापारी सहित सभी वर्गों में ख़ुशहाली और आर्थिक प्रगति हुई है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सोच है कि विकास कार्य और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले इसी सोच के अनुसार कार्य किया जा रहा है विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में पहली बार एक ऐसी सरकार बनी है जिनके हर एक विकास कार्यों और योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत एवं कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य बसंत राव ताटी, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य नीना रावतिया उद्दे, रमेश पामभोई, नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकी कोरम, सुनील उद्दे, सुनील गुरला, टिंगेबाई, सहित एसडीएम, सीईओ, एवं जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी गण और बड़ी संख्या में भद्राकाली क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

एक नजर

### चिरायु योजना से हो रहा कटे-फटे होठों का इलाज, लौट रही मासूमों की मुस्कान

**बलौदाबाजार, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार भाटापारा में एक बार पुनः राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चल रहे चिरायु कार्यक्रम के माध्यम से 5 माह के बच्चे के कटे होठों का इलाज कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया की ग्राम राजपुर के 5 माह के बच्चे अयांश के होंठ जन्म से ही कटे हुए थे।रोजी-मजदूरी करने वाले उसके पिता हेतु किसी निजी अस्पताल में बच्चे का उपचार कराना काफी मुश्किल था। ऐसी स्थिति में भाटापारा विकासखंड के चिरायु टीम द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए इस कार्यक्रम के माध्यम से रायपुर के बड़े निजी चिकित्सालय में पूरी तरह से निशुल्क ऑपरेशन करवाकर बच्चे को सामान्य जीवन प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार चिरायु के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। परीक्षण में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या सामने आने पर उसके उपचार में निःशुल्क मदद करते हुए उपचार की आवश्यक व्यवस्था करवाई जाती है।उक्त चिरायु दल में सम्मिलित रहे -डॉ शारा राम, डॉ सेवक राम साहू, बिंदु चौहान, वंदना वर्मा और अंजू साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नगर साहू समाज ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस




**भाटापारा, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर साहू समाज भाटापारा ने 77वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उल्लास से राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत होकर मनाया। नगर साहू समाज के अध्यक्ष नारायण साहू ने दान वीर भामाशाह चौक में तिरंगा झण्डा फहराया और नगर साहू समाजके वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनाराम साहू ने साहू छात्रावास में ध्वजारोहण किया। तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर समाज जन ने अपने विचार रखे। वरिष्ठ समाजसेवी भँवर सिंह साहू ने कहा कि आजादी 76वर्ष बाद भी साहू समाज भेद भाव का शिकार है। उसे आज तक जनसँख्या के अनुपात में राजनीतिक अधिकार नहीं मिला है और न आरक्षण मिला है। इसलिए साहू समाज पिछड़ा हुआ है। नगर साहू समाज के कार्यकारी अध्यक्ष तोरण दास साहू ने सामाजिक एकता पर जोर दिया। तो जीत नारायण साव ने सामाजिक अनुशासन बनाने की अपील की। सेना से सेवा निवृत्त जवान नारायण साहू ने कहा कि हमें सामाज सेवा करने के साथ ही राष्ट्र के प्रति प्रेम रखना चाहिए। लीकेश साहू ने युवा साथियों से सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने की अपील की। वरिष्ठ समाज सेविका वीणा साहू ने एक देश भक्ति का गीत गाया।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 को

**बलौदाबाजार, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 23 अगस्त 2023 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा।जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक रालास मोटर्स बलौदाबाजार द्वारा फिल्ड आफिसर के 5 पद, योग्यता स्नातक उत्तीर्ण एवं 1 वर्ष का अनुभव, उम्र 20 वर्ष से अधिक, वेतन 8 हजार से 10 हजार रूपये तक, ऑफिस ब्वॉय 1 पद, योग्यता दसवीं, उम्र 20 वर्ष से अधिक, वेतन 5 हजार से 7 हजार रूपये तक, शोरूम सेल्स कन्सलटेन्ट (महिला/पुरूष) 2 पद, योग्यता स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 20 वर्ष से अधिक, वेतन 10 हजार रूपये, मेकेनिक के 3 पद योग्यता आईटीआई डिजल मेकेनिक, उम्र 20 वर्ष से अधिक, वेतन 10 हजार से 12 हजार रूपये तक कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, बिलाईगढ़, कसडोल होगा। न्यूट्री क्रॉप केयर प्रा.लि.बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रजेंटिव के 22 पद (पुरूष), योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण, उम्र 19 वर्ष से 35 वर्ष, वेतन 9 हजार से 15 हजार रूपये, ग्रुप लिडर के 4 पद, योग्यता बारहवीं एवं स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 20 वर्ष से 35 वर्ष, वेतन 10 हजार से 18 हजार रूपये, कार्यक्षेत्र सिमगा, बेमेतरा, नवागांव होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते है।

स्वतंत्रता दिवस पर अल्ट्राटेक सीमेंट में ध्वजारोहण, स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बच्चों की प्रस्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 20 अगस्त।** समीपस्थ क्षेत्र के अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त 76 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्तिमय वातावरण में जगह जगह ध्वजारोहण के साथ यहां के आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल बैकुंठ मे छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसे देखते ही दर्शक देश भक्तिभाव से ओतप्रोत हो गये।

ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस के दिन अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स मे जगह जगह ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया। जिन्मे एक संयंत्र के मुख्य द्वार को गुब्बारे से तिरंगे की आकार में सुसज्जित किया गया था। वही पर संयंत्र के यूनिट हैड देव नाथ गुहा ने ध्वजारोहण किया गया। वही दुसरा सी बी एस सी व सी स्कूल में ध्वजारोहण किया गया। तीसरा श्रमिक इंटक ट्रेड यूनियन कार्यालय क्वार्टर नं. एस एस 35 मे ध्वजारोहण किया गया। चौथा पैकिंग प्लांट के श्रमिक एटक यूनियन के द्वारा क्वार्टर नं. एस एस 100 मे ध्वजारोहण किया गया। वही छ. सी. एवं ख. क. श्रमिक संघ बहेसर के कार्यालय क्वार्टर नं. 10 मे ठेकाश्रमिक यूनियन के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके अलावा यहा के कालोनीयो मे हर घर तिरंगा थीम पर घरो मे भी तिरंगा फहराया गया।

गौरतलब हो कि यहां दो स्कूस संचालित है। जिसमे सी बी एस सी जिसे इंग्लिश मिडिया कहा जाता है। वही दुसरा सी जिसे हिन्दी मिडिया कहा जाता है। दोनो स्कूल के द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल परिसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। जिसके मुख्य अतिथि अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के यूनिट हैड देव नाथ गुहा व मीथू गुहा सपत्नीक रहे। इसके अलावा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ साथ विद्यार्थियों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। इस मंचीय कार्यक्रम में छोटे बडे सभी छत्र छत्राओ ने आकर्षक वेशभूषा, कला, नृत्य, देश भक्ति गीत व संगीत, संवाद के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसे देखते हुए दर्शक दिर्घा से तालीयो की गड़गड़ाहट के साथ तारीफ निकलते रहे। स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंत मे अतिथियो के द्वारा विचारोंदोद्धन किया गया। जिसमे बी पी मिश्रा माईस विभाग प्रमुख ने देश भक्ति की भावना व देश के प्रति लगाव को बनाए रखना है। एक बार भुल हमारे पूर्वजों ने किया था। जिसका खामियाजा दो सौ साल तक लाखो की कुर्बानीया चुकानी पड़ी। वही महत्वपूर्ण वक्तव्य में मुख्य अतिथि संयंत्र के यूनिट हैड देव नाथ गुहा ने बच्चों के प्रस्तुतियों के पुल बांधने से नही रूके। कहां यह देख कर मन मे जोश, करूणा, देशभक्ति की भावना बडने के साथ साथ भारतीयता पर गर्व भी महसूस हुआ। कम समय में देश की अच्छी बुरी दशा का पुरा चित्रण कर दिया गया।

अंतिम महत्वपूर्ण संदेश के रूप मे अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के यूनिट हैड देव नाथ गुहा ने विद्यार्थियों को कहां कि इसी तरह मन लगाकर पढाई करे। मन मे दिमाग मे आनावश्यक दबाव, जोर व कोई भी डर न पाले। फ्रिव स्वतंत्र रूप से पढाई करेंगे। तो आप सफलता जरूर प्राप्त करेंगे। वही कार्यक्रम के अंतर्गत अंत मे एच आर विभाग द्वारा सुरक्षाकर्मियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

## ब्रह्माकुमारी संस्था में शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज



तिल्दा नेवरा स्थित ब्रह्मा कुमारीज सेंटर के नवनिर्मित भवन में 76वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. जिसमें केंद्र की समर्पित बहनों के साथ गणमान्य नागरिक व बीके भाई-बहनें शामिल हुए। ब्रह्माकुमारी सेंटर की प्रमुख वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका व तनाव प्रबंधन विशेषज्ञा बी के प्रियंका बहन ने ध्वजारोहण किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि हमें तन की आजादी तो मिल गई है लेकिन आज भी मनुष्य मानसिक गुलामी व माया के पांच विकारों के बंधन में जकड़ा हुआ है। एक अच्छे व सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए मानसिक गुलामी व विकारों के बंधन से मुक्त होना आवश्यक है। जिस प्रकार तन के स्वास्थ्य के लिए शुद्ध-सात्विक भोजन और व्यायाम आवश्यक है उसी प्रकार मानसिक स्वास्थ्य के लिए मेडिटेशन का नियमित अभ्यास जरूरी है। मन की शांति व मानसिक स्वास्थ्य के लिए राजयोग मेडिटेशन एक आसान माध्यम है जिसका नियमित अभ्यास ब्रह्माकुमारी सेंटर तिल्दा में प्रतिदिन किया जाता है तथा निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए ब्रह्माकुमारी सेंटर तिल्दा से संपर्क कर सकते हैं यह सेंटर सुना हॉस्पिटल के पास स्थित है।

## आत्मानंद स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



तिल्दा-नेवरा में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के शुभ अवसर पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा स्वामी आत्मनन्द स्कूल नेवरा में बतौर मुख्य अतिथि ध्वाजारोहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ततपश्चात मेरे द्वारा कलेक्टर के छश्च्ल्न फंड से किचन सेड का निर्माण करवाया गया जिसका आज मेरे द्वारा उद्घघाटन किया गया जिसमें मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा सिंध अकेडमी बोर्ड के अध्यक्ष राम गिड़लानी विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन मंडी व्यापारी प्रतिनिधि सुनील सोनी जिला महामंत्री भा जा पा ग्रामीण अनिल अग्रवाल एवं पालक गण सम्मिलित हुए।इस तरह कांग्रेस कार्यालय सहित अनेक स्थानों पर 15अगस्त मनाया गया। परशुराम चौक नगर पालिका कार्यालय थाना अग्रसेन चोक गांधी चौक में भी ध्वज फहराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने भी ध्वजा रोहन के व्यक्त नगर में गुरु खुशवंत साहिब समाज सेवी घनश्याम अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 'छात्र प्रतिनिधि परिषद एवं संस्कार' का गठन

# वंश गुप्ता बने शाला नायक और अर्पिता वर्मा शाला नायिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा, 20 अगस्त।** खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 19 अगस्त शनिवार को विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। एसआरसी में चुने गए छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में उनके ही कर कमलों द्वारा बैच पहनाकर सम्मानित किया गया तथा पूरी निष्ठा के साथ अपने-अपने उत्तरदायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन करने हेतु प्रधानाचार्ययोगेश पोपट द्वारा शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा तथा सह-प्रबंधन संदीप गोयल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आगाज़ माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर, विधिवत पूजन करके किया गया। तत्पश्चात एसआरसी प्रभारी राहुल भटालिया ने कार्यक्रम की रूप-रेखा का विस्तार-पूर्वक वर्णन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के मनोरंजन के लिए ब्रह्मपुत्र तथा यमुना हाउस के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से सराबोर सामूहिक नृत्य की भव्य प्रस्तुति देकर सबको भाव-विभोर कर दिया।

एसआरसी (स्टूडेंट रिप्रेजेंटेटिव काउंसिल) अर्थात् छात्र प्रतिनिधि परिषद। एक लंबी प्रक्रिया के तहत एसआरसी के विभिन्न पदों पर योग्य छात्र-छात्राओं की नियुक्ति की गई। यह प्रक्रिया पिछले 7 दिनों से शाला के प्रधानाचार्ययोगेश पोपट तथा छात्र प्रतिनिधि परिषद के प्रभारी राहुल भटालिया द्वारा कक्षा आठवीं से 12वीं तक के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का विधिवत आत्म- साक्षात्कार करने के पश्चात, योग्य छात्र-छात्राओं का चुनाव करके पूर्ण किया गया। एसआरसी सदस्य स्कूल में सभी छात्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और छात्रों के स्कूली जीवन में भाग लेने के लिए तरीके आयोजित करते हैं। मंच का संचालन वरिष्ठ समन्वयक पवन केसरवानी ने किया। अंत में शाला नायक वंश गुप्ता ने वोट आफ थैंक्स के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। चयनित छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के लिए जल- जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी।

# पढ़ाई छोड़ चुकी छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 20 अगस्त।** जिला प्रशासन रायपुर के निर्देशानुसार नवगुरुकुल टीम द्वारा साफ्टवेयर इंजीनियरिंग जैसे कार्यो में रूचि रखने वाले 10 वीं पास युवतियां/लड़कियां जिनकी उम्र 17 से 29 वर्ष के बीच हों वे 18 महीने का आवासीय (पूर्णतः निःशुल्क) साफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात 100 प्रतिशत नौकरी के अवसर की गारंटी का कार्यक्रम आया है। जिसके पंजीयन हेतु विकासखंड तिल्दा के शासकीय बद्रीनारायण बगडिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में 19 जुलाई को सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। उक्त तिथि को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सेमिनार एवं प्रश्नोत्तरी तथा 12.30 बजे से प्रवेश के इच्छुक लडकि़यों का प्रवेश परीक्षा (आफलाइन बहुविकल्पीय) का आयोजन किया जायेगा। यह परीक्षा 8वीं स्तर के गणित, विज्ञान एवं अन्य विषयों के समकक्ष होगा।जनपद पंचायत तिल्दा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी ने कहा कि वे इनके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पंचायत स्तर पर सचिवों को निर्देशित किया गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी. एल. देवांगन ने इच्छुक 10वीं या उससे ऊपर योग्यता वाले लडकियों से अपील की है कि वे अपने पालकों के साथ उक्त स्थल पर उपस्थित होकर उक्त वर्कशाप के बारे में जानकारी प्राप्त कर प्रवेश परीक्षा में भाग ले सकते हैं। बीएनबी हायर सेकंडरी स्कूल नेवरा के प्राचार्य राजेश कुमार चंदानी जो एक शिक्षाविद है उन्होंने कहा कि इस अवसर का लाभ उठाने के लिये बेरोजगार लड़कियों/युवतियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि कोर्स करने के बाद 100 प्रतिशत अमेजन, नेटवेट जैसे ख्याति प्राप्त जैसी एमएनसीएस में साफ्टवेयर इंजीनियर जाब की गारंटी की बात कही गई है।उक्त कार्यक्रम में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य या अन्य किसी भी संकाय की बालिकाएं भाग ले सकती हैं।

समाचार संक्षेप

## वंदेभारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने वाले चार नाबालिग पकड़ाए



**तिल्दा-नेवरा, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष रायपुर से समय 18.12 बजे सूचना प्राप्ति हुई की गाड़ी संख्या 20826 वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच संख्या सी-4 एवं सी-7 के सीट नंबर 28, 29 एवम सीट नबर 38, 39 के पास खिड़की पर पत्थर मारने की घटना घटित हुई है जिससे खिड़की का कांच क्षतिग्रस्त हुआ है एवं उक्त घटना से किसी रेल यात्री को नुकसान नहीं पहुंचा है। घटना के संबंध में गाड़ी में तैनात अनुरक्षण दल के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक ए नरसिम्हा से पूछने पर उन्होंने इस घटना की पुष्टि की एवं प्राथमिक जांच में इस घटना मे किसी अज्ञात के द्वारा जानबूझकर किए गए कार्य से रेल पर यात्रा करने वालों के जान को आसन्न खतरा उत्पन्न किया गया। अतः पोस्ट प्रभारी भाटापारा के आदेश अनुसार अज्ञात के विरुद्ध अपराध क्रमांक 2204/23 धारा 153 रेल अधिनियम दिनांक 13.08.2023 को पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। जांच के क्रम में दिनांक 14.08.2023 को वंदे भारत एक्सप्रेस के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने पर पाया कि उक्त गाड़ी में उरकुरा मंधार के मध्य किलोमीटर संख्या 817/35-33 के पास किसी अज्ञात लोगों के द्वारा अप लाइन पर खड़े होकर गाड़ी में पत्थर फेंके एवं पत्थर फेंकने से उक्त गाड़ी का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। ष्टष्टञ्जङ्क से प्राप्त फुटेज एवं दिनांक 16.08.23 को समय 06.30 बजे मुखबिर की सूचना के आधार पर उप निरीक्षक डी के शास्त्री अपने मातहत बल सदस्यों के साथ टेकारी गांव के नयापारा बस्ती से 6 विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों को पकड़ा एवं पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि कि वे सभी वंदे भारत एक्सप्रेस के आने का आवाज सुनकर रेल लाइन किनारे पर खड़े हो गए जैसे ही वंदे भारत ट्रेन वहां से गुजरी उन्होंने रेल लाइन के पास खड़े होकर वही पर पड़े पत्थर उठाकर उन सभी ने वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर मारे, जो कि वंदे भारत गाड़ी के कांच को लगे जिसकी आवाज सुनकर यह सभी अपने घर मस्ती करते हुए चले गए थे। विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों द्वारा कथन संस्कृति उपरांत विधिवत कार्यवाही करते हुए पूर्व में दर्ज अपराध क्रमांक2204/23 धारा 153 रेलवे अधिनियम के मामले में गिरफ्तार किया गया एवं दिनांक 16.08.2023 को सभी विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों को माननीय किशोर न्यायालय रायपुर छत्तीसगढ़ में पेश किया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

## अम्बुजा सीमेंट प्लांट में मजदूरों का माँग को लेकर 25 अगस्त को इंटक करेगा धरना-प्रदर्शन




**तिल्दा-नेवरा, 20 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अम्बुजा अडानी प्लांट (रवान)में मजदूरों का शोषण को लेकर इंटक यूनियन द्वारा मैनेजमेंट से कई बार मौखिक रूप से बात किया जा चुका है एवं लिखित रूप में मजदूरों का जायज माँग को लेकर आवेदन दिया जा चूका है उसके बाद भी संयंत्र प्रबंधन के तरफसे कोई सुधार नहीं किया गया है और उल्टा पुराने मजदूर को काम से निकाल कर उसके जगह में नया मजदूर को काम में रखा जा रहा है और उसके साथ साथ इंटक यूनियन के पदाधिकारियो को ठेकेदारों द्वारा जानसे मारने की धमकी दिया जा रहा। पूर्व में लिखित रूप से मैनेजमेंट को माँग पत्र दिया गया था उसका प्रतिलिपि जिला कार्यालय को भी दिया गया था उसके बाद भी अभी तक अम्बुजा अडानी (रवान) मैनेजमेंट के द्वारा अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया है प्लांट प्रबंधक की अड़ियल रवैया से मजदूर बहुत ज्यादा आक्रोशित हो गए हैं। जिसे लेकर अम्बुजा अडानी प्लांट (रवान) के मजदूरों द्वारा 25/08/2023 से अनिश्चित कालीन धरना किया जाने का फैसला लिया गया है मजदूर धरने में जाते है उनका जवाबदारी अम्बुजा अडानी सीमेंट प्लांट (रवान) मैनेजमेंट स्वयं होंगे।

# तिल्दा नेवरा में 1 से 7 अक्टूबर तक 1008 श्रीमदभागवत कथा

## कावंड़ शिवमहापुराण के बाद वृंदावन वाले ललित महाराज शहरवासियों को कराएंगे रसपान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 20 अगस्त।** सर्वविदित है कि 1 अगस्त से 7 अगस्त तक तिल्दा नेवरा मे पं प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कावंड़ शिवमहापुराण कथा के एतिहासिक सफल आयोजन से छत्तीसगढ़ ही नहीं देश विदेश मे नाम होचला है। उसी क्रम में कल 16 अगस्त को तिल्दानेवरा (सिनोधा) मे सर्व धर्म व सर्वसमाज का बैठक आहुत किया गया था। जिसमे तिल्दानेवरा के सभी छोटे बडे व्यपारी, समाजसेवी, समाजगण, उपस्थित रहे।


ज्ञात हो कि सिनोधा स्थीत अमित चांवल मे रखी गई इस महत्वपूर्ण बैठक में इस आयोजन से संबंधित बहुत सी सकारात्मक चर्चा हुई। जिसमे उक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आने वाले 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक पित्र-पक्ष मे पितरो की मोक्ष के लिए सुप्रसिद्ध श्रीमदभागवत महापुराण कथा वाचक पं. ललित महाराज वृंदावन वाले की पितृ- मोक्षार्थ 1008 श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जायेगा।

गौरतलब हो कि 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक होने वाले इस पितृ-मोक्षार्थ 1008 श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के लिये सारी कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। वही इस आयोजन के लिए ही तिल्दा-नेवरा के हृदय स्थल मे अग्रसेन-चौक पर कार्यालय आने वाले 22 अगस्त, दिन मंगलवार को शुभारंभ किया जाएगा। वही कथा स्थल तिल्दा नेवरा के सिनोधा रोड स्थीत अमित चावल उद्योग निश्चित किया गया है। इस आयोजन के लिए खास बात यह है कि इस आयोजक के करने वाले और कोई नहीं आप हम एवं समस्त नगर वासी तिल्दा नेवरा है।

आपको बता दें कि इस कार्यक्रम में 1008 प्रखर पंडितों के द्वारा पाठ किया जायेगा। जिसके लिए अलग अलग जजमान परिवार अपने पितरो को मोक्ष व शांति प्रदान करने के लिए बैठेंगे। जिसके लिये अभी से अपने अपने नाम का पंजीकरण करवाना चालु होगया है। जिस किसी को अपने पितरो की मोक्ष की प्राप्ति के लिए पाठ करवाने हो। वह आयोजक समिति के पास संपर्क कर सकते हैं। या इसके लिए वाट्सप ग्रुप बनाया गया है। उस पर जुड कर आप भी अपना पंजीयन करवा सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि अभी इस कार्यक्रम की रूपरेखा व कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। जिसका अपडेट आपको विभिन्न माध्यमों से अवगत कराया जायेगा।

### कथा आयोजन के लिए समाज सेवक आ रहे सामने

शिव महापुराण के सफल आयोजन के बाद अब 1008 मद भागवत की कथा के लिए दान वीर समाज सेवक सामने आ रहे है। अमित चावल में हुई बैठक में नगर के अनेक लोग समलित हो कर कथा में सामने आ रहे है। 1 अक्तूबर से सात अक्तूबर तक होने वाली कथा वृहद रूप से संपन्न होगी। धार्मिक, अदिवतीय, नगर के इतिहास में सर्वप्रथम 1008श्री मद्भागवत कथा का महाआयोजन जिसमे सभी समाज के बड़ चढ़ कर हिस्सा लेने सामने आ रहे है। इस कथा में, कथावाचक धाम वृंदावन के रसिक भागवताचार्य श्री हित ललित वल्लभ नागर्च जी के द्वारा मद्भागवत का श्रवण पान होना है। अतः आप सभी तन, मन, धन, अपना बहुमूल्य समय देकर भगवत्कृपा प्राप्त कर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं। आयोजक समस्त तिल्दा नेवरा वासी होगे। अमित चावल प्रांगण में आहुत बैठक में व्यापारी समाज सेवी धार्मिक लोगो की अधिक उपस्थित से हर कोई खुश है।



पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न

# राजीव गांधी जी

(20 अगस्त 1944 - 21 मई 1991)

की जयंती 'सद्भावना दिवस'

पर सादर नमन

## किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों व पशुपालकों को न्याय की राशि 2,055.60 करोड़ रुपये का अंतरण



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना

**1,810 करोड़ रु का अंतरण**

24.3 लाख किसानों को अब तक
21,912 करोड़ रु की इनपुट सब्सिडी

### राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

**168.63 करोड़ रु का अंतरण**

5.62 लाख हितग्राहियों को अब तक
758.03 करोड़ रु की आर्थिक सहायता

### राजीव युवा मितान क्लब

**66.21 करोड़ रु का अंतरण**

युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए
13,242 क्लबों को अब तक 132.48 करोड़ रु प्रदाय

### गोधन न्याय योजना

**9.65 करोड़ रु का अंतरण**

महिला स्व-सहायता समूहों, गौठान समितियों और
ग्रामीणों को अब तक 551.31 करोड़ रु का भुगतान

### मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना गैर अनुसूचित क्षेत्र

**1.11 करोड़ रु का अंतरण**

स्थानीय उत्सवों को मनाने के लिए 6,111 ग्राम पंचायतों को
अब तक 6.11 करोड़ रु का भुगतान

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./38122/18

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprvcg.gov.in


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23